
हरिभूमि
# रायपुर भूमि





■ खचाखच भरी बोगियों में यात्रियों को महसूस हो रही घुटन, उमस-गर्मी से बिगड़ रही तबीयत

## दरवाजे पर लटकते हुए सफर

ट्रेनों के रद्द होने से यात्री संख्या इस कदर बढ़ गई है कि अब उन्हें दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। ट्रेनों में तय सीमा से ज्यादा यात्री सफर कर रहे हैं। समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन के बावजूद भीड़ में कोई खास कमी नहीं आई है और आने वाले समय में यह स्थिति और भी बिगड़ने की संभावना है। रविवार को रायपुर स्टेशन पर मुंबई और हावड़ा जाने वाली ट्रेनें खचाखच भरी हुई थीं। यात्री अपनी सीट तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते दिखाई दिए। ट्रेन में सीट न मिलने के कारण खड़े होने की जगह के लिए भी मारामारी हो रही थी। दोपहर की गर्मी में पसीने से तरबतर यात्री अपनी स्थिति से बेचैन थे। पहले से भरी हुई बोगियों में घुटन का सामना करते हुए यात्रियों के लिए स्थिति असहनीय हो गई थी।

# थोक में ट्रेनें रद्द, जो बची उनकी बोगियां ठसाठस... सांस लेना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के लगातार रद्द होने से यात्रियों का सफर हर दिन मुश्किल होता जा रहा है। जनरल कोच में भारी भीड़ और उमस भरी गर्मी में यात्रा करना यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। स्लीपर कोच में भी बड़ी संख्या में यात्री खड़े होकर सफर करने के लिए मजबूर हैं। रायपुर से दिल्ली, हावड़ा और मुंबई जाने वाली ट्रेनों में दोपहर के समय उमस भरी गर्मी और भीड़भाड़ में यात्रा करना बहुत कठिन हो रहा है। ▶▶|शेष पेज 13 पर



## स्लीपर और एसी कोच ठसाठस

रायपुर से उत्तरप्रदेश और बिहार के लिए रोजाना 2 हजार से अधिक लोग ट्रेन में सफर कर रहे हैं। दिन में तीन ट्रेनों के बावजूद यात्रियों की वेटिंग सूची 100 से कम नहीं हो रही है। समता, सारनाथ, दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस के स्लीपर, जनरल और एसी कोच में भी भीड़भाड़ का आलम है। कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को भी अपनी सीट तक पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। जनरल और स्लीपर कोच में यात्री इतनी ज्यादा संख्या में हैं कि पटना तक जाने के लिए कई यात्री खड़े रहकर सफर करने को मजबूर हो गए हैं। जनरल कोच में हालत यह हो गई है कि एक सीट पर आठ यात्री बैठकर सफर कर रहे हैं, जबकि आमतौर पर एक लंबी सीट पर सिर्फ चार यात्री बैठते हैं।

## खबर संक्षेप

### सोनी बने छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के नए प्रधान आयकर आयुक्त

**रायपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 19 आईटी कमिश्नरेट के प्रधान आयकर आयुक्त तथा डीजी आयकर अन्वेषण की नियुक्तियां की हैं। जिन आयकर अफसरों को नियुक्ति की गई है, इनमें नवरतन सोनी छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के नए प्रधान आयकर आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। श्री सोनी उत्तर पूर्व क्षेत्र गुवाहाटी से स्थानांतरित किए गए हैं। उनका मुख्यालय भोपाल होगा। नए आयकर आयुक्त की नियुक्ति के पूर्व मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ अब तक कानपुर कमिश्नर कृष्ण मुरारी के प्रभार में था। इनके अलावा डेढ़ दर्जन अतिरिक्त और संयुक्त आयुक्त की पदोन्नति के साथ-साथ उनके भी तबादले किए गए हैं। इनमें अतिरिक्त आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह, रत्नेश कुमार शर्मा, संजय पाण्डेय, मौसमी मित्रा, एसजी मून, रमाकांत प्रधान, पायल प्रकाश, गार्गी चौहान, संदीप आहुजा, एस. भुवनेश्वरी, कुणाल किशोर, विशाखा सिंह, प्रद्युम्न मीणा, सौरभ शर्मा, सागर श्रीवास्तव, तरन्नुम वर्मा और कपिल कपूर शामिल हैं।

### कम दहेज लाने के विवाद पर पत्नी की हत्या

**रायपुर।** कम दहेज लाने के विवाद पर पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर, गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। कबीर नगर थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस ने प्रिंस सिंह को गिरफ्तार किया है। प्रिंस पर अपनी पत्नी सुहाना उर्फ कंचन की हत्या करने का आरोप है। प्रिंस का गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ। इस दौरान प्रिंस ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उसका गला दबा दिया। गला दबाने से महिला बेहोश हो गई, जिसे प्रिंस ने निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किया, उपचार के दौरान सुहाना की मौत हो गई। प्रिंस अपनी मां के प्रॉपर्टी डीलिंग का काम देखता है।

### सीएसईबी कार्यालय से कंडक्टर वायर चोरी

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में सीएसईबी के एक लाइन अटेंडेंट ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मारपीट करने तथा 60 हजार रुपए के कंडक्टर वायर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जतिंद्र चंद्र बोस ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर सीएसईबी परिसर में जबरन प्रवेश कर गए। रोके जाने पर बदमाशों ने उस पर पथराव किया। पथराव के बाद बदमाश पिछले वर्ष जले हुए ट्रांसफार्मर के कंडक्टर वायर चोरी कर ले गए।

### नो एंट्री में सवारी बैठाई, दो बसों पर 4 हजार जुर्माना

**रायपुर।** टाटीबंध ट्रैफिक पुलिस ने नो एंट्री में सवारी बैठाने पर दो यात्री बसों का चार हजार रुपए चालान काटा है। टाटीबंध क्षेत्र में महोबा बाजार से रामनगर कोटा मार्ग पर पिछले कुछ दिनों से कुछ सवारी बस चालकों द्वारा नो एंट्री में गाड़ी घुसाकर सवारी बैठाने के संबंध में शिकायत मिल रही थी। ट्रैफिक पुलिस ने बस सीजी-07 एनए-2812 तथा बस सीजी-07 ई-9911 का चालान काटा है। साथ ही यात्री बसों के कंडक्टर तथा ड्राइवर को नो एंट्री में सवारी नहीं बैठाने की हिदायत दी है।

श्री शिवम शोरूम का कर्मचारी ही निकला मास्टर माइंड

# टूटे पैर के प्लास्टर ने खोला चोरी का राज बुर्के वाली महिला ने पैरों में पहने थे जेंट्स शू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


## अपने रिश्तेदार और साथियों के साथ मिलकर कपड़ा शोरूम में चोरी

हरिभूमि फॉलोअप

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पंडरी मुख्य मार्ग स्थित कपड़े के शोरूम श्री शिवम में 30 लाख रुपए चोरी के आरोप में जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें एक दुकान का कर्मचारी चोरी का मास्टर माइंड निकला। दुकान कर्मी ने अपने रिश्तेदार तथा साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सीसीटीवी फूटेज में दिख रहे चोर ने बुर्के के नीचे पैरों में जेंट्स शू पहने थे और टूटे के प्लास्टर की वजह से पुलिस को चोरी की गुत्थी सुलझाने में मदद मिली।

मामले का खुलासा करते हुए एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर, एएसपी क्राइम संदीप मित्तल ने बताया कि चोरी के आरोप में शोरूम कर्मी राजेश टंडन, परमेश्वर बघेल उर्फ प्रेम, मोहनीश श्रीवास्तव तथा सुरेश कुमार दीवान को गिरफ्तार किया है। राजेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले सप्ताह सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात शोरूम में चोरी की थी। शोरूम में चोरी करने के बाद सभी बदमाश राजनांदगांव भाग गए थे। राजेश महिला की भेष में बुर्का पहनकर शोरूम में चोरी करने के लिए घुसा था।





■ आधी रकम रिकवर होने के बाद शेष रकम की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ

### ड्यूटी ऑफ होने के बाद घुसा शोरूम

घटना दिनांक को राजेश घर में जरूरी काम बताकर ऑफिस से नौ बजे छुट्टी लेकर चला गया। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ मिला और ड्रेस बदलकर बुर्का धारण कर महिला की भेष में शोरूम में चोरी करने के लिए घुसा। इस दौरान वह वॉशरूम जाने के बहाने महिला वॉशरूम में घुस गया। वॉशरूम से निकलने के बाद वह नीचे के माले में जेंट्स टायलेट में जाकर छिप गया।

### इन दो फूटेज से मिला चोरी का क्लू

पुलिस को घटनास्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज में एक महिला बुर्का पहने हुए नजर आई। सीसीटीवी फूटेज की बारीकी से पड़ताल करने पर बुर्का पहनी महिला के पैरों में जेंट्स शू दिखे। इसके बाद पुलिस को बुर्का पहनी महिला पर शक हुई। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने पर एक संदिग्ध अपने दो साथियों के कंधे का सहारा लेकर लड़खड़ाते हुए चलता दिखा।

### प्लास्टर की वजह से पकड़े गए चोर

चोरी की घटना सुलझाने पुलिस दुकान के कर्मचारियों के साथ पूछताछ कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने राजेश को लड़खड़ाते देखा, साथ ही उसके एक पैर में प्लास्टर लगा मिला। पुलिस ने राजेश से पैर में चोट लगने का कारण पूछा तो वह पुलिस को गोलमोल जवाब देने लगा। इसके बाद पुलिस ने राजेश के मोबाइल नंबर का लोकेशन ट्रेस किया तो चोरी के समय राजेश का मोबाइल लोकेशन घटनास्थल के आसपास का मिला। इसके बाद पुलिस ने राजेश से सख्ती से पूछताछ की तो उसने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

### पहले ही छिपा दिए थे रस्सी और सरिया

राजेश ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह काम करने दुकान पहुंचा, इस दौरान अपने बैग में रस्सी तथा सरिया साथ लेकर पहुंचा था, जिसे राजेश ने शोरूम के अंदर अपने काउंटर में छिपाकर रख दिया था। सरिया का इस्तेमाल काउंटर में लगी दराज का लॉकर तोड़ने के लिए करना था। राजेश ने दो अलग-अलग काउंटर का लॉकर तोड़ नकदी रकम चोरी की थी।

# बात नहीं करने से नाराज होकर युवती पर किया चाकू से हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पड़ोसी युवती के बात नहीं करने से नाराज युवक ने उसके साथ मारपीट कर जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। घटना शनिवार सुबह ब्राह्मणपारा स्थित शुक्लाबाड़ा आजाद चौक थाना क्षेत्र की है। युवती के साथ मारपीट तथा चाकू से हमला करने के बाद आरोपी युवक फरार बताया जा रहा है।

■ घटना के बाद आरोपी ने दोस्तों के साथ बार में बैठकर पी शराब

23 वर्षीय युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पड़ोस में रहने वाले आयुश शुक्ला ने मारपीट कर उस पर चाकू से हमला किया। वह भाठागांव स्थित एक कार शोरूम में काम करती है और साथ ही बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। युवती के अनुसार घटना दिनांक को वह सुबह 10 बजे अपने स्कूटी से ड्यूटी पर जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान घर के पास आयुश ने युवती की स्कूटी रोकी और उससे बातचीत नहीं करने का कारण पूछा। युवती ने कोई जवाब नहीं दिया तो नाराज आयुश ने युवती के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए जेब से चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। पड़ोसी और युवती के परिजन बीच-बचाव करने पहुंचे, तब आयुश सभी को धमकाते हुए मौके से फरार हो गया।

### दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ नहीं आया आरोपी

युवती पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपी की इधर पुलिस तलाश कर रही थी। दूसरी ओर युवती पर चाकू से हमला करने के बाद आयुश किसी बार में बैठकर अपने दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। घटना के दूसरे दिन भी पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

शिक्षकों को निर्देश

# छात्रों में टेक्नोलॉजी की समझ बढ़ाएं, सवाल-जवाब के पैटर्न पर हो पढ़ाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत संचालित होने वाले विद्यालयों में एक अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। छात्रों की पढ़ाई नए सिलेबस से कराई जा रही है। सीबीएसई ने कक्षा 10वीं और 12वीं के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पूर्व में ही नया सिलेबस जारी कर दिया था। सीबीएसई के इस नए सिलेबस में शैक्षणिक सामग्री में बदलाव के साथ सीखने से प्राप्त हुए परिणाम की मॉनिटरिंग शामिल हैं। सीबीएसई ने 10वीं के छात्रों के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने, योग्यता-आधारित प्रश्नों को बढ़ाने और रीचेकिंग प्रक्रिया में सुधार ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ नए सत्र में प्रोजेक्ट आधारित अध्ययन-अध्यापन पर रहेगा जोर

### अप्रैल और मई में होंगे वेबिनार

सीबीएसई अप्रैल और मई में छह कॅरियर काउंसलिंग वेबिनार आयोजित करेगा। इनका उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को कॅरियर के चयन में सहायता करना है। हर सत्र में एक खास समूह को ध्यान में रखकर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इन वेबिनार में भाग लेकर, छात्र, शिक्षक और अभिभावक मानसिक स्वास्थ्य, करियर मार्गदर्शन और सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे न केवल कॅरियर चुनाव में मदद मिलेगी बल्कि छात्रों के समग्र विकास में भी सहूलियत होगी।

### भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए परामर्श

सीबीएसई बोर्ड स्कूल के प्रिंसिपलों, काउंसलरों, शिक्षकों और छात्रों के लिए कॅरियर और मनोवैज्ञानिक परामर्श वेबिनार श्रृंखला आयोजित कर रहा है। सीबीएसई मनोवैज्ञानिक परामर्श 4 अप्रैल से शुरू हो गया और कॅरियर परामर्श सत्र 8 अप्रैल से शुरू होगा। सीबीएसई के मुताबिक, उनका मुख्य उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास और उनके कल्याण को बढ़ावा देना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई छात्रों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए परामर्श वेबिनार आयोजित करेगा। इन वेबिनार का मकसद है कि स्कूलों में सकारात्मक और सहयोगपूर्ण माहौल तैयार हो सके।

# राजधानी में आधा दर्जन नए बाजार का प्लान

**रायपुर।** शहर के विस्तार को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आने वाले दिनों में आधा दर्जन स्थानों पर नए बाजार विकसित करने की तैयारी में है। इसके लिए जोनवार मंगाए गए प्रस्ताव में 3 जोन में 6 स्थानों पर मार्केट डेवलपमेंट प्लान बनाकर प्रस्ताव निगम मुख्यालय भेजे हैं। जहां से प्रस्ताव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को मंजूरी के लिए भेज दिया गया। मंजूरी मिलते ही मार्केट डेवलपमेंट प्लान पर कार्य किया जाएगा।

■ निगम ने सूडा को स्वीकृति के लिए भेजा प्रस्ताव

शहर को महानगर के अनुरूप सुव्यवस्थित करने रायपुर नगर निगम ने मार्केट डेवलपमेंट प्लान बनाया है। इसके लिए पूर्व में सभी 10 जोन को पत्र लिखकर जगह चिन्हांकन कर प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा गया। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि शहर के 2 स्थानों को पीपीपी मोड में वेंडिंग जोन बनाने के लिए तैयार किया गया है। इसमें जोन 4 और जोन 9 का क्षेत्र शामिल है।

### ये है मार्केट डेवलपमेंट प्लान

- जोन 1 में संत कबीरदास वार्ड गोंदवारा ओवरब्रिज के नीचे वाली जगह
- जोन 6 में टैगोर नगर चौक के समीप
- त्रिमूर्ति मंदिर के पास
- भाठागांव ऑटो स्टैड के पास वाली खाली जगह
- जोन 8 हीरापुर बाजार में वेंडर मार्केट
- रायपुरा में महादेवघाट विसर्जन कुंड के पास

# रात से दोगुना दिन का पारा, शरीर नहीं कर पा रहा एडजस्ट, अस्थमा अटैक का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ठंडे-गर्म मौसम की वजह से वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, एलर्जी भी

■ सरकारी अस्पताल, निजी क्लीनिक में पहुंच रहे मौसम पीड़ित मरीज

हरिभूमि सरोकार

रात की तुलना में दिन का तापमान दोगुना होने की वजह अस्थमा अटैक की शिकायत बढ़ गई है। दिन की तेज गर्मी और रात की ठंडक को शरीर एडजस्ट नहीं कर पा रहा है, जिसकी वजह सर्दी-खांसी, वायरल और एलर्जी जैसी शिकायतें भी आ रही हैं। सरकारी अस्पतालों के साथ निजी क्लीनिक में भी अपनी परेशानी लेकर मरीज पहुंच रहे हैं।

मौसम में अभी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है, जो लोगों को बीमार कर रही है। पिछले दो दिन से गर्मी तेज हुई है, उसकी तुलना में रात में लग रही ठंड लोगों को बीमार कर रही है। चिकित्सकों के मुताबिक, इस तरह की स्थिति अस्थमा पीड़ितों के लिए जोखिम भरी होती है। ठंडे-गर्म की वजह से घबराहट बढ़ने के साथ अस्थमा अटैक आने का खतरा भी बना रहता है। इसी तरह मौसम में हुए बदलाव की वजह से कम रोग प्रतिरोधक ▶▶|शेष पेज 13 पर



### बदलते मौसम की समस्या

सीएमओ डॉ. विनय वर्मा के मुताबिक, बदलते मौसम में विभिन्न तरह की बीमारियां सामने आती हैं। अभी भी उसी तरह की स्थिति है। खानपान के दौरान लापरवाही के कारण पेट से संबंधित परेशानी भी बढ़ी हुई है। गर्मी के मौसम में कड़ी धूप के संपर्क में आने से बचने का प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा देर तक खाली पेट नहीं रहने और ज्यादा से ज्यादा ठंडे पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

### थकान की शिकायत भी

गर्मी के मौसम में कमजोरी की समस्या काफी अधिक बढ़ जाती है। निजी क्लीनिक में अक्सर लोग हमेशा थकान रहने की शिकायत लेकर आते हैं। चिकित्सकों के अनुसार, मौसम के बदलाव के कारण लोगों को अपने आहार व जीवनशैली में बदलाव करना चाहिए। उन्हें अधिक पानी पीना, ताजे फल व सब्जियां खाना और नियमित व्यायाम करना चाहिए। खासकर पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

# बिलासपुर-रायपुर में तापमान बराबर, आज भी दिखाएगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो दिन से बढ़ रहे तापमान ने गर्मी के मामले में बिलासपुर-रायपुर को एक साथ ला दिया है। रविवार को दोनों का तापमान 41 डिग्री के करीब रहा, इसमें अगले चौबीस घंटे में और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। इसके बाद मौसम में पुनः बदलाव होने और बादल-बारिश की वजह से गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, वर्तमान में एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक निम्नदाब का क्षेत्र बनने के आसार हैं, जो मंगलवार से मौसम में बदलाव करेगा। बादल-बारिश का प्रभाव मध्य इलाके में 10 अप्रैल तक रह सकता है। अभी दो दिन से गर्मी प्रदेश में अपना असर दिखा रहा। शनिवार को 40 डिग्री तक पहुंचा तापमान आगे बढ़कर रविवार को 41 डिग्री तक पहुंच गया। दोपहर तेज धूप के प्रभाव से शरीर में जलन जैसी स्थिति बनती रही। वर्तमान में ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ कल से पुन: राहत का दौर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### धेनु भगत के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**तिल्दा नेवरा।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर सभी देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित कर विशेष पूजा अर्चना जारी है।
वहीं पुरानी बस्ती तिल्दा स्थित मां मावली माता मंदिर में सप्तमी का पर्व विशेष रहता है यहां रात्रि में धेनु भगत का कार्यक्रम किया जाता है। परंपरा के अनुसार बस्ती के बजरंग बली( महावीर) के पास से धेनु भगत कार्यकम निकाला जाता है जो बस्ती के गलियों से होते हुए मावली मंदिर में समाप्त होती है। इस बीच मां मावली माता सेवा जागृत समिति द्वारा माता सेवा जसजीत चलते रहता है। दो लोग नीम की पत्तियों से पूरी तरह ढंक कर धेनु भगत बनते है, साथ ही एक काली माता का रूप धारण किया रहता है। और सेवा जसजीत के माध्यम से भक्ति में झूमते हुए जाते है जो कि काफी आकर्षण का केंद्र रहता है। पूरे बस्ती से मां मावली माता मंदिर तक भारी भीड़ धेनु भगत कार्यकम देखने श्रद्धालु उमड़ पड़ते है। सप्तमी के दिन शनिवार को भी रात्रि तक धेनु भगत कार्यकम देखने लोगो का हुजूम लगा रहा।

### बड़गांव में मानस गान सम्मेलन 9 से

**आरंग।** ग्राम बड़गांव के सिद्दी विनायक चौक में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर 09 से 11 अप्रेल तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन रामायण मंडली एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है। तीनों दिन 8-8 आमंत्रित मानस मंडली मानस गान करेंगे। सम्मेलन की जानकारी देते हुए जनपद सदस्य प्रतिनिधि रेखा कृपाल यादव ने बताया कि 08 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। मूर्ति स्थापना पूजन एवं प्रसादी वितरण पश्चात रात्रि 8 बजे स्थानीय मानस मंडली द्वारा रामायण गान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### सरोरा में छत्तसीगढ़ी स्टार नाइट आज

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सरोरा में श्रीराम सेवा समिति द्वारा 7 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से अनुराग शर्मा का स्टार नाईट छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी फ्रेंडस क्लब के संरक्षक शरद ठाकुर ने दी।

### शहीद चिरंजीव बघेल की प्रतिमा किया अनावरण

**सिलयारी।** डॉ खूबचंद बघेल की जन्म स्थली ग्राम पथरी में अमर शहीद गनर शहीद चिरंजीव बघेल भारतीय थल सेना , ऑपरेशन रक्षक के दौरान जम्मू कश्मीर के बारामूला सेक्टर में अपनी सेवा देने के दौरान 23 वर्ष की अल्पायु में 19 मार्च 1996 को देश की रक्षा में उन्होंने अपने प्राण न्योछावर करके अपना सर्वोच्च बलिदान दिए। उन्हीं की याद में उनकी प्रतिमा का अनावरण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय नौ सेना के कैप्टन अनिल कुमार शर्मा थे।

# आतंकी नंदी पर टेंकुलाइजर से पाया काबू और किया बधियाकरण और भेजा गौशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा शहर को हमलावर घुमंतू नंदी से मुक्त किया गया जिसने पूर्व में शहर के प्रतिष्ठित शिक्षक श्री रामावतार पांडेय पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से चोटिल कर दिया था जिसके कारण वह कई महीनों से चलने में असमर्थ है। नंदी के हमले में उनके ही जैसे शहर के कई बुजुर्ग भी चोटिल हुए हैं, इसके अलावा नंदी के कारण रोड़ के किनारे फल और सब्जियों के विक्रेता तथा रोड़ पर चलने वाले आम नागरिक भी आतंकित थे। जिसे देखते हुए और जनमानस की सुरक्षा के लिए तिल्दा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला डॉ खुमान वर्मा के द्वारा नगरपालिका सीएमओ एवं पशु चिकित्सालय तिल्दा से चर्चा की गई जिनके सहयोग से पशु चिकित्सालय तिल्दा के चिकित्सकों की टीम के द्वारा योजना बद्ध तरीके से रायपुर के चल-चिकित्सा इकाई के जिला नोडल अधिकारी डाँ विक्रम पाठक के सहयोग से तिल्दा विकासखण्ड चल-चिकित्सा इकाई के नोडल अधिकारी डॉ रामस्वरूप वर्मा के प्रयास से नंदी को ट्रेंकुलाइज किया गया व उसकी आक्रामकता को कम करने के लिए बर्डिजो कैस्ट्रेटर से बधियाकृत किया गया तथा नंदी को काबू में करने में नाथ पहनाईं गई जिसके उपरांत पशु रेस्क्यू वाहन के माध्यम से गौशाला भेजा गया।

■ पालिका अध्यक्ष चंद्रकला की पहल पर पशु चिकित्सा विभाग ने की कार्रवाई

## कई बुजुर्गों पर हमला कर किया घायल, सब्जी विक्रेताओं को मिली राहत



### मिली राहत

इस कार्य में पशु चिकित्सालय तिल्दा से श्री अशोक कश्यप, श्री राजनरायन यादव एवं श्री पुनीत मिश्रा उपस्थित थे तथा नगर पालिका तिल्दा-नेवरा से श्री कोदुराम वर्मा अपने सहयोगी साथीयों के साथ विशेष सहयोग किया। नगर पालिका अध्यक्ष एवं रेस्क्यू स्थल पर उपस्थित लोगों द्वारा शहर के जनमानस के सुरक्षा हेतु की गई सहायता के लिए पशुपालन विभाग को धन्यवाद दिया है।

## आस्था : पूजा अर्चना तथा माता की सेवा के बाद जसगीत के साथ निकली यात्रा

# नौ दिनों की शक्ति उपासना करने के बाद जंवारा का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मां दुर्गा का चैत्र नवरात्र जंवारा विसर्जन के साथ रविवार को समापन हो गया। घरों में कलश स्थापित कर व्रत रखने वाले भक्तों ने मंदिरों में देवी पूजा और व्रत पारण किया। इससे पूर्व नौ दिनी नवरात्र पर्व पर धार्मिक अनुष्ठानों के अलावा विविध धार्मिक आयोजन किए। अंतिम दिन शनिवार को कन्या भोज भी खूब हुए। आठ दिनों तक माता की सेवा करने के पश्चात आरंग सहित आसपास के अचंल क्षेत्रों में रामनवमीं पर्व पर रविवार को ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में इसको लेकर खासा ना उत्साह देखने को मिला। ग्राम के सभी देवी मंदिरों में सुबह पूजा अर्चना तथा माता की सेवा के बाद जसगीत से रचे बसे वातावरण रहा। कुछ समय बाद देवी जसगीतों के साथ ही महिलाएं सिर पर कलश और जंवारा लेकर मां शीलता मंदिर से विसर्जन के लिए तालाब के लिए निकले। सिर पर ज्योत जंवारा रखकर कतार से चल रही महिलाओं के लिए श्रद्धालुगण रास्ते में पानी डालते नजर आये। गाजे-बाजे के साथ माता की सेवा गीत गाते हुए सेवा समिति जंवारा के आगे-आगे चल रहे थे। दोपहर होते होते ग्राम जरौद के पंखटिया तालाब में जावरा विसर्जन किया गया।



### जोत जवारा विसर्जन के साथ जस गीतों से भक्तों में छलका उत्साह



आरंग। राजा मोरध्वज की प्राचीन नगरी के नाम से विख्यात आरंग जहां शिवालियों की नगरी के नाम से भी प्रसिद्ध है, वहीं आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा के भी अत्यंत दर्शनीय मंदिर जैसे मां महामाया, मां दंतेश्वरी, मां शीतला, मां चंडी, मां समलेश्वरी, मां खल्लारी, मां महाकाली, मां सतबहनिया, मां कंकाली, मां बाला त्रिपुर सुंदरी आदि जहां भक्तों ने अष्टमी में आरंग के विद्वान आचार्यगणों के सानिध्य में माता के जयकारों के साथ हवनादी कार्य में भाग लिया। वहीं रामनवमी तिथि को जोत जवारा विसर्जन में भक्तों का उत्साह छलकता रहा, गाजे बाजे, जस गीत के साथ माता के प्रतीक सांग लिए हुए माता के प्रति अपनी भक्ति श्रद्धा और विश्वास से अर्पित कर रहे हैं। वही भक्तों का समूह कहीं ना कहीं नारी सशक्तिकरण का भी संदेश दे रहा है। भक्तगण जहां कन्या भोज आयोजन कर रहे हैं। वही सोमवार को आदि शक्ति महामाया मंदिर आरंग में कन्या भोजन का आयोजन है।



### शीतला माता मंदिर का जंवारा व ज्योत विसर्जित

आरंग। रविवार को सुबह 7 बजे शीतला माता मंदिर का जंवारा व ज्योति विसर्जन भक्तिमय सेवा गीतों की मधुर ध्वनि के साथ किया गया। शीतला मंदिर ट्रस्ट के सर्वराकार आनंदमूर्ति अग्रवाल, मंदिर आचार्य मुकेश शर्मा के वैदिक मंत्रों, मंदिर पुजारी, मोहल्लावासियों एवं शीतला पारा सेवा समिति की माता गीतों के साथ जवारा एवं ज्योति कलश फूलों से आच्छादित मार्ग से होते हुए पंडरी तालाब तक ले जाया गया। जहाँ पूजा अर्चना कर विसर्जित किया गया। मोहल्लावासी माता के स्वागत के लिए बिछाये गए फूलों के मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर माता की विदाई मन को मोह रहा था। विसर्जन पश्चात पुनः मंदिर परिसर में माता के भक्तों एवं पुजारी का गुलाल, पुष्प एवं आरती उतारकर स्वागत किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर एवं मुहल्ला भक्ति भाव से डूब गया। इस अवसर पर अग्रसेन योगासन शाखा के सदस्यगण, गोठू बांसवार, सुखदेव निषाद, लक्ष्मण यादव, कामता पाल, कृष्ण कुमार वर्मा, अभिनेष अग्रवाल, दिलीप साहू, हरीश पाल, तुलसा निषाद, रामहीन पाल, रूपा बांसवार, मीना साहू आदि उपस्थित थे।

## नवरात्रि पर हनुमान मंदिर में कन्या भोज के बाद भंडारा

**जसगीत में देवी भगवती की महिमा सुनकर श्रोता हुए मगन**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित श्री सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्रि का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर 300 से अधिक मनोकमाना ज्योति कलशों की स्थापना की गई। इस अवसर पर 9 दिनों का अखंड श्रीरामचरितमानस का पाठ किया गया। जिसमें मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद, राजकुमार धीवर, पुजारी घनश्यामदास वैष्णव, किशोर गुरुजी, बाबूलाल साहू, रामचंद्र पटेल, मुक्ति साहू का योगदान रहा।

एकम, पंचमी और सप्तमी को देवी की विशेष पूजा और श्रृंगार किया गया और जसगीतों की प्रस्तुति अनेक मंडलियों ने दी, जिसमें डीडी साहू की पार्टी ने अपने जसगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में तबला वादक तुकाराम ध्रुव ने अपने भक्ति गीतों से माता के विविध रूपों की झांकी प्रस्तुत की। दीनदयाल साहू ने जसगीतों की व्याख्या की और कहा कि माता महिमा को शब्दों से व्यक्त नहीं किया जा सकता है। यह अनुभवगत सत्य है जो गुरुदेव की कृपा से ही जीवन में प्रकट होती है। शनिवार को दुर्गाष्टमी हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दंपतियां शामिल होकर आहुतियां दी। नवमी पर मंदिर में शानदार कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें करीब कन्या का पूजन कर भोजन कराया गया और उपहार देकर उनकी विदाई दी गई।

नवरात्रि के समापन भंडारे का साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि विगत 30-35 वर्षों से मंदिर में नवरात्रि, होली, दिवाली, सावन में मानस का अखंड पाठ सहित विविध आयोजन निरंतर किया जा रहा है। मंदिर सावन के महीने में सोमवार को शिवजी के जलाभिषेक के बड़ी संख्या में बोल बम दल आते है। उनके ठहरने और भोजन का इंतजाम मंदिर समिति द्वारा किया जाता है। साथ भीमसेनी एकादशी पर तीन दिवसी प्रदेश स्तरीय मानस गान का आयोजन किया जाता है।

## निमोरा में अतिरुद्र महायज्ञ एवं संत समागम शुरू, होंगे विविध अनुष्ठान

**अभनपुर।** ग्राम निमोरा मे अभिषेकात्म होमात्मक अतिरूद्र महायज्ञम एवं विराट संत समागम 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक विशाल महायज्ञ का आयोजन संपन्न हो रहा है। यज्ञ मे प्रधानाचार्य एवं कथाव्यास आचार्य पंडित श्री प्रमोद शास्त्री महराज मानव कल्याण आश्रम एवं करपात्री गौशाला, यज्ञाचार्य आचार्य प्रवर श्रीराम प्रताप शास्त्री जी महराज कोविद श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ सेवा संस्थान के द्वारा हिन्दूनववर्ष मे विश्व शांति एवं जनकल्याणार्थ यज्ञानुष्ठान वर्णन एवं प्रथम दिवस मंडप प्रवेश कलश यात्रा, चतुर्वेद पारायण, मंगलाचारणम, 5 अप्रैल को प्रधान देवपूजन, मंडप पूजन सहशस्त्र धारा, महाअभिषेक,अतिरूद्र होमयज्ञ प्रारंभ, 12 अप्रैल को चतुर्वेद पारायण, आवाहित देव होम, वृषोत्सर्ग, प्रासाद उत्सर्ग, पुर्णाहूति एवं महाभंडारा तथा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक,1 से 3 बजे तक सेवा मंडलियो की प्रस्तुति दोपहर 3 से 5 बजे तक यज्ञ आहुति,5 से 7 बजे तक प्रवचन, धार्मिक एवं सांस्कृति कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी।

### वेदों के विद्वान संतों का आगमन

आयोजनकर्ता मूर्तिकार पीलू राम साहू ने उक्त जानकारी देते बताया कि इस आयोजन मे काशी, बनारस, जबलपुर, राजस्थान एवं दक्षिण भारत से अनेक वेदो के विद्वान संतो का आगमन हो रहा है, धर्मप्रेमी बंधु इस परम दुर्लभ सर्वजन हिताय कल्याणकारी अभिषेकात्म, होमात्मक अतिरूद्र महायज्ञम का दर्शन परिक्रमा,आचार्य विद्वान संतो का अनुपम दर्शन एवं सत्संग का लाभ प्राप्त कर जीवन को सार्थक बनाये तथा उन्होने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सांसद,मंत्री एवं विशिष्ट बुद्धजीवियो एवं जनप्रतिनिधियो का आगमन एवं प्रतिदिनमूर्तिकार, चित्रकार संगीतकार, लोककलाकार, समाज सेवक व विशिष्ट व्यक्तियो का प्रतिदिन सम्मान किया जायेगा।



## खंडवा में सरपंच सुशीला ने सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम खंडवा में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमति सुशीला जगदीश भारती के नेतृत्व मे ग्राम खंडवा में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अभियान में ग्रामीणो ने अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए गांव के अटल चौक, पटेल पारा, अंबेडकर चौक, बाजार चौक सहित विभिन्न स्थानो पर साफ सफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया। इस अवसर पर ग्रामीणो ने गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर उपसरपंच गजेन्द्र वर्मा, जगत सोनवानी, बलराम पटेल, नवीन पुरेना, संतोष जोशी, गीता ध्रुव, उमा यादव, सबीना आडिल, रानी बंदे, गिरधारी साहू, सोहद्र साहू,सबिता साहू,बासुन साहू, कमलेश्वरी साहू, रोशनी साहू, हरिलाल पटेल व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## तामासिवनी में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रविवार को रामनवमी के अवसर पर ग्राम तामासिवनी में ग्राम पंचायत, भाजपा मंडल, सीआरपीएफ कैंप भिलाई और पीपला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से वृहत रूप से स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें ग्राम के विभिन्न वार्डो, बाजार चौंक, सड़क किनारे व ग्राम पंचायत परिसर की साफ-सफाई की गई। जिसमें ग्राम के सरपंच श्याम साहू, उपसरपंच दिलेंद्र डहरिया, सहित सभी पंचों, महिला समूहों के सदस्यों, सीआरपीएफ कैंप भिलाई के सैनिकों, भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं सहित बडी संख्या में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायत भवन में एकत्रित होकर परिसर की साफ-सफाई कर अपना अपना विचार व्यक्त करते हुए स्वच्छता जागरूकता गीत व नारा लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं सीआरपीएफ कैंप भिलाई के उप निरीक्षक रछपाल कुमार ने स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इस प्रकार ग्राम में वृहत रूप से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने की पहल को मुक्त कंठ से सराहा। वहीं स्वच्छता अभियान में विशेष रूप से सीआरपीएफ के सैनिकगण, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंपारण से तोषण साहू, जनपद उपाध्यक्ष आरंग रिंकू रवीन्द्र चंद्राकर, जनपद सदस्य अभनपुर से विवेक तिवारी, जनपद सदस्य कृष्ण कुमार साहू, पीपला फाउंडेशन से संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, भाजपा मंडल के कार्यकर्तागण आसाराम साहू, डॉ सावन साहू, बलराम साहू, ताराचंद तारक, रूपेश निर्मलकर, निर्मल साहू, महिला संगठन की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। वहीं जनपद सदस्य विवेक तिवारी व ग्रामीणों ने सभी का आभार जताया।

## विधायक सहित कार्यकर्ताओ ने फहराया भाजपा का झंडा

# प्रदेश विकास के सूरज से अलौकिक हो रहा : अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को पूरे छग प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा व पूर्व मण्डल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा ने भी इस अवसर पर भाजपा का झंडा फहराया व धरसींवा अंचल में सभी कार्यकर्ताओं के घर जा कर भाजपा का झंडा लगा कर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया।

बता दे कि रविवार को भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस मनाया गया जंहा धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने पार्टी कार्यालय के साथ साथ निज निवास सहित कार्यकर्ताओ के साथ झंडा लगाए वही पूर्व मण्डल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा ने इस कार्यक्रम में अपनी महती भूमिका निभाते हुए 25 गांवो में जा कर भाजपा का झंडा कार्यकर्ताओ के घरों में बांधे व कई कार्यक्रमों को सम्बोधित किये। भाजपा स्थापना दिवस पर धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज विकास के सूरज से पूरा प्रदेश आलोकित हो रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत माता का वैभव सर्वोच्च शिखर पर आरूढ़ हो रहा है।

इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द साहू, मो. युनुष ,डॉ. संजय वर्मा, फकीरचंद जैन, यशवंत वर्मा, चुम्मन सिह चौहान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ : वर्मा





रविवार को भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा ने महती भूमिका निभाई जंहा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 20—25 गांवों में झंडा लगाने का कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कार्यकर्ताओं ने बैठक कर सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके बाद घर-घर जाकर पार्टी का झंडा लगाया गया और जनता को सरकार की नीतियों व योजनाओं की जानकारी दी गई।

### भाजपा मंडल चंपारण तामासिवनी में मनाया स्थापना दिवस



आरंग। भारतीय जनता पार्टी चम्पारण तामासिवनी द्वारा भाजपा मुख्यलय मे भाजपा क्रे स्थापना दिवस बहुत हर्ष उल्लास क्रे साथ मनाया गया। मण्डल अध्यक्ष तोषण लाल साहू ने भाजपा ध्वज फहराया और फटाका फोड़ कर मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस एव रामनवमी की हार्दिक बधाई दी। साथ स्वच्छता पखवाड़ा क्रे अंतर्गत CRPF कैमप ग्राम पंचायत तामासिवनी क्रे सरपंच पंचगण, महिला समूह, ग्राम क्रे वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधि क्रे साथ गाँव मे सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम मे रविन्द्र चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद आरंग, विवेक तिवारी सदस्य जनपद अभनपुर, कृष्णा कुमार साहू जनपद सदस्य आरंग, श्याम साहू सरपंच, अरुण साहू, बलराम साहू प्राधिकृत अधिकारी, निर्मल कुमार साहू, सावंत साहू महामंत्री युवा मोर्चा, देवनाथ साहू, रितेश, सुरेश सिंह आई टी सेल, रुपेश निर्मलकर मिडिया प्रभारी, पारस साहू, आशा साहू, ताराचंद तारक प्राधिकृत अधिकारी, लीलू साहू प्राधिकृत अधिकारी, रविकांत तारक, दिलेन्द्र डहरिया उपसरपंच, पंच ममता निर्मलकर, नरेश पटेल,राजकुमार साहू, कोमल साहू, विनोद साहू, चेतन साहू, कल्याणी साहू, हेमंत साहू, गिरधारी साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीएमओ ने किया बकरी, मुर्गी पालन यूनिट का निरीक्षण



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम बेमता में जिला पंचायत सीईओ विश्व रंजन द्वारा गांव का भ्रमण कर समूह के महिलाओं के द्वारा किए जा रहे बकरी पालन,मुर्गी पालन ,हेचरी यूनिट का अवलोकन किया।

सीईओ ने अधिक लेवल में काम करने हेतु निर्देश देते हुये आवश्यक जो भी सहयोग होगा देने के बात कही।साथ ही वर्षा जल संचय हेतु लोगों को जागरूकत करते हुए सतत आजीविका कार्यों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत तिल्दा विवेक गोस्वामी, पंच सरपंच सहित महिला समूह के सदस्य गण उपस्थित रहे।




## दिल के अरमां दिल में रह गए

जबरा मारे भी और रोने भी न दे। मतलब राजनीति में कई बार खून के आंसू पीकर रहना पड़ता है। अब निगम-मंडल की सूची को ही लीजिए। कांग्रेस शासन में छाती अड़ाकर लड़ने वाले छूट गए हैं। कुछ ऐसे हैं जो सत्ता की मलाई पहले भी खा चुके हैं, उन्हें फिर से मौका मिल गया है। कुछ की बोहनी तक नहीं हुई। जो छूट गए हैं उनमें से केवल एक, गौरीशंकर श्रीवास ने ही यलगार किया है। बाकी दर्जनों ऐसे हैं जो दर्द बयां भी नहीं कर पा रह गए। क्योंकि भाजपा की परंपरा है कि जो भी बागी हुआ वो बाहर हुआ।

## बैक डेट पर साफ-सुथरा शहर

सरकारी कामकाज में हम बरसों-बरस से देख रहे हैं कि बहुत से काम बैक डेट पर भी किए जाते हैं। उसका उदाहरण दीवारों पर नजर भी आ रहा है। दरअसल शहर में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता के लिए प्रचार अभियान पिछले साल चलाना था, क्योंकि सर्वे टीम आने वाली थी, लेकिन पूरा निगम का अमला चुनाव में लगा हुआ था। ये काम 2024 में नहीं हो सका। साल गुजरने के बाद अब सर्वे टीम यहां आई है। इससे पहले शहरभर की दीवारों पर स्वच्छता सर्वे-2024 के नारे और वॉल पेंटिंग से दीवारें सजी हुई हैं, यानी इस साल जो भी हालत हो, पिछले साल पूरा शहर साफ-सुथरा था।

## परदे में रहने दो.. परदा न उठाओ

छत्तीसगढ़ में भारतमाला सड़क परियोजना का घोटाला हाल-फिलहाल में जमकर खुला है। इस मामले में अभी इक्का-दुक्का छोटी मछलियां ही जाल में फंसी हैं। इस पूरे मामले का सबसे दिलचस्प और गंभीर पहलू ये है, जो लंबे समय तक सामने नहीं आया था। खबरी को पता लगा है कि इस घोटाले की जांच रिपोर्ट अब से दो साल पहले सितंबर 2023 में ही सरकार को मिल गई थी, लेकिन जब तक विधानसभा में मामला नहीं आया, तब तक घोटाले पर परदा पड़ा हुआ था। मजे की बात ये है कि घोटाला खुलने के बाद फर्जीवाड़ा करने वाले के नाम छिपाए जा रहे। मामले में सौ से अधिक सरकारी अधिकारी-कर्मचारी और किसान भी फंस रहे हैं, लेकिन फिलहाल इनके नामों पर भी परदा पड़ा है।

## सिस्टम ने बदल दिया

स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था बदलने का मुद्दा लेकर आए एक आला अधिकारी अब खुद ही सिस्टम के होकर रह गए हैं। उनकी ज्वाइनिंग के दौरान इस बात का अनुमान लगाया जा रहा था कि काफी बीमार हो चुके विभाग की सेहत में सुधार होगा। महकमे में शुरुआती दौर में साहब का काफी खौफ था और विभागीय पेंच खुलकर सामने न आ जाए, इसे लेकर मातहत घबराए हुए से दिखते थे। अफसर को जिम्मेदारी संभाले काफी समय बीत चुका है, उनके द्वारा शुरुआती दौर में जारी आदेशों का भी पालन नहीं हो पाया है। विभाग के अनुभवी अफसरों का मानना है कि व्यवस्था बदलने की ताकत रखने वाले अफसर को सिस्टम ने ही बदल दिया है और उनके कड़क मिजाज में अब नरमी आ चुकी है।

## गले की फांस ...

नेतापुत्र के चहेते को ठेका देना 'स्मार्ट' अफसरों को महंगा पड़ गया। हुआ यूं कि पानी साफ करने 3 जगह प्लांट लगाना था। रकम भी छोटी-मोटी नहीं, पूरे 20 करोड़ थी। नेताजी का मन डोल गया, सो बेटे को अफसर के पास कहलवा भेजा कि ठेका तो अपने परिचित को ही देना है। काम की गारंटी मेरी। अफसर भी क्या करते, लिहाज कर गए। प्लांट की नींव डली, पर ठेका लेने वाले प्लांट लगाने तारीख पे तारीख दे रहे हैं। अब स्मार्ट अफसर आखिर करें तो क्या करें, पानी साफ करने का प्लांट गले की फांस बनकर रह गया। न निगलते बन रहा न उगलते।

## कोई क्या कर लेगा

पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने पते की बात कही थी। पार्षदों से कहा था कि सब काम करना लेकिर फौव्वारा कभी मत लगवाना। पैसे को पानी में डुबाने वाला काम है। लेकिन भ्रष्ट लोग पानी में से भी पैसे कमाना जानते हैं। अब रायपुर के बूढ़ातालाब को ही लीजिए। पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने बूढ़ातालाब में पांच करोड़ का फौव्वारा लगवाया था। वह पांच महीने भी नहीं चला। पानी में खुद डूब गया है। खबरी बता रहा था कि तत्काल एजेंसी को पेमेंट करवा दिया गया था। जिस-जिसको जितना मिलना था खा-पीकर चुप्पी साध गए। जनता का पांच करोड़ पानी में डूब गया। इतने पैसे में कितने परिवारों का भला हो जाता। लेकिन वही बात...सब जानते हैं कि कोई क्या कर लेगा।

## जंगलराज ही तो है

जंगलराज का अर्थ होता है ताकतवर का राज। मतलब जिसमें ताकत होगी वह बिना किसी की परवाह किए जो चाहे करेगा। कुछ चीजें समाज में ऐसी हो रही हैं जैसे लगता है कि नियम और कानून का कोई खौफ ही नहीं है। स्कूल वाले जितनी चाहे फीस वसूल सकते हैं, हास्पिटल वाले जितना चाहें बिल बना सकते हैं। अफसर सट्टा खिला सकते हैं। भू माफिया जिस जमीन पर चाहें कब्जा कर सकते हैं। उसके बाद कोर्ट-कोर्ट खेलते रहो। अब मेडिकल कालेज वालों को देखिए। प्राइवेट वालों ने चार साल में 360 करोड़ अधिक वसूल लिए। उस तुर्रा यह है कि फीस विनियामक समिति को केवल ट्यूशन फीस तय करने का अधिकार है। बाकी हम जितना लें। और ले भी लिया तो....। कोर्ट का दरवाजा तो खुला ही है।

## जाइए कोर्ट

कोर्ट से याद आया। कुछ महीने पहले जब एमबीबीएस के लिए काउंसिलिंग चल रही थी उस वक्त एनआरआई कोटे पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया। कहा गया कि केवल ब्लड रिलेशन वाले एनआरआई ही कोटे में आएंगे। लेकिन छत्तीसगढ़ में मामा, काका, मौसी, फूफा, साली से लेकर बाहरवाली तक का रिश्ता चल रहा है। हंगामा हुआ तो सरकार ने काउंसिलिंग पर रोक लगा दी। प्राइवेट मेडिकल कालेज वाले हाईकोर्ट चले गए। कोर्ट ने कहा इस बार रहने दीजिए, अगली बार के लिए नियम बना सकते हैं। लेकिन अफसर तो अफसर हैं। अब तक कुछ हुआ नहीं है। कहते हैं कि कोई स्पष्ट आदेश नहीं हैं। अगर नियम बनवाना है तो जाइए कोर्ट।

## भैया को बता दूंगा

स्कूल में कुछ मासूम किस्म के बच्चे याद हैं आपको, जो शरारतें किया करते थे और आपत्ति करने पर कहा करते थे कि भैया को बता दूंगा। यदि याद नहीं आ रहे हैं तो याद करने का कष्ट मत कीजिए। हम लाइव डेमो दिखा देते हैं। हालांकि इसके लिए आपको शिक्षा के मंदिर नहीं बल्कि शिक्षा कार्यालय जाना होगा। जिला शिक्षा कार्यालय के जो बड़े साहब हैं, उनकी नियुक्ति के पहले दिन से ही सबको पता है कि साहब के सिर पर एक बड़े पूर्व मंत्री और सांसद का हाथ है। अब कोई इन्हें जरा भी तंग करता है तो खुद निपटने के बजाय अपना तकिया कलाम इन्होंने बना रखा है-'भैया को बता दूंगा'। साहब की हरकतों से हमें तो लगता है कि अपनी बैच में स्कूल को वो खुरापाती बच्चा ये ही रहा होगा।

## काटे नहीं कटते दिन और रात

गर्मी बढ़ते ही जा रही है आजकल। इस गर्मी में दिन और रात काटे नहीं कटते हैं। नींद भी नहीं आती है, लेकिन कुछ लोगों की नींद का मौसम से कोई लेना-देना नहीं होता है। ये बारहमासी दिक्कत होती है। स्कूल शिक्षा विभाग की सबसे बड़ी मैडम को भी आजकल नींद नहीं आती है। मैडम पूरी तो नहीं, लेकिन दूसरी की तुलना में कुछ शरीफ हैं। ज्यादा दो-पांच करते मैडम से बन नहीं रहा है। अपने तबादले की कोशिशों में जुटी हुई हैं, लेकिन जहां जाना चाहती हैं वहां के लिए बात बन नहीं पा रही है। अब क्या गर्मी और क्या ठंड, बस दिन काटते रहो।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी
प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# 'गांव चलो अभियान', 8 घंटे गांवों में रहेंगे मुख्यमंत्री, मंत्री और सभी नेता

### 10 से 12 अप्रैल तक चलेगा प्रदेश में अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय संगठन ने कई कार्यक्रम तय किए हैं। इनमें एक कार्यक्रम गांव चलो अभियान है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में यह अभियान 10 से 12 अप्रैल तक चलेगा।

इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, सभी मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश भाजपा संगठन से लेकर जिलों, मंडलों और बूथों के पदाधिकारी तथा नेता सभी एक-एक गांव जाएंगे और वहां 8 घंटे रहेंगे। भाजपा के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल से कार्यक्रमों का सिलसिला प्रारंभ हुआ है। बूथों, मंडलों से लेकर शक्ति केंद्र, जिलों और प्रदेश स्तर पर कई कार्यक्रम होंगे। एक सबसे बड़ा अभियान इस बीच गांव चलो अभियान का है। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन हर साल अपने स्थापना दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम करता है।



### क्या करेंगे गांवों में

भाजपा के सभी नेता, जिनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हैं, किसी एक गांव जाएंगे। वहां पर उनको कम से कम आठ घंटे तक रहना है। इस बीच उनको गांव में चौपाल लगाने का काम करना है। साथ ही बस्तियों में पहुंचकर लोगों से जनसंपर्क करना है। किसी एक के घर पर खाना भी खाना है। लोगों को जहां भाजपा नेता पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएंगे, वहीं गांवों में सभी को प्रदेश सरकार के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी देंगे। इस अभियान में शामिल होने वाले मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायक अपने-अपने क्षेत्र के किसी एक गांव का चयन करेंगे और वहां जाएंगे। 10 से 12 अप्रैल के बीच में किसी भी एक दिन एक गांव जाना जरूरी है।

### दूसरी सूची का इंतजार, जल्द जारी होने की संभावना

# दर्जनभर निगम-मंडलों के साथ उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भी बाकी

### तीन दर्जन नेताओं को मिलेंगे पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति कर दी है, लेकिन अब भी करीब एक दर्जन निगम, मंडलों में नियुक्ति बाकी है। इसी के साथ जिन निगम, मंडलों में नियुक्ति हुई है, इनमें से कुछ में उपाध्यक्ष और सदस्यों के पदों को मिलाकर करीब डेढ़ दर्जन की नियुक्ति होनी है। वहीं पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। ऐसे में और तीन दर्जन से ज्यादा भाजपा नेताओं को पद मिलेंगे। दूसरी सूची के भी जल्द जारी होने की संभावना जताई जा रही है। इसके लिए भी कई नाम फाइनल हो गए हैं।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के करीब सवा साल बाद अब जाकर प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति की है। जिनको पद दिए गए हैं, उनमें जहां प्रदेश संगठन के करीब 20 नेता शामिल हैं, वहीं नियुक्ति में जातीय समीकरण को भी देखा गया है। हालांकि पहली सूची में एससी वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है, लेकिन दूसरी सूची में इस वर्ग को भी मौका मिलने की संभावना है। इसी के साथ जिन नेताओं ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में मेहनत की है, उनको भी पद दिए जाएंगे। इसके अलावा जिनको चुनाव में टिकट नहीं मिल सके थे, उनको भी पद दिए जाने की संभावना है।

### यहां नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है, उनमें बेवरेज कॉर्पोरेशन, अपेक्स बैंक, मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी, हज कमेटी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। सूची फाइनल करने उसे राष्ट्रीय संगठन के पास भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलते ही सूची जारी कर दी जाएगी।

# वन नेशन, वन इलेक्शन के समर्थन में कैट चलाएगा राष्ट्रव्यापी अभियान

### 10 अप्रैल से कैट दिल्ली से शुरू करेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन नेशन, वन इलेक्शन के आव्हान के समर्थन में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने देशभर में राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की है, जिसके जरिए देश के सभी राज्यों में फैले व्यापारी संगठनों के माध्यम से कैट सिविल सोसाइटी के अन्य वर्गों के संगठनों के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय चर्चा शुरू करेगा।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह एक दूरदर्शी कदम है, जो देश में राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक मजबूती और सुशासन को सुनिश्चित करेगा। वहीं दूसरी ओर देश के व्यापारिक ढांचे को भी स्थिर एवं सुदृढ़ बनाएगा। श्री दोशी ने बताया कि इस अभियान के तहत देशभर में हजारों विभिन्न व्यापारिक संगठनों के माध्यम से सेमिनार, वर्कशॉप और संवाद सत्रों का आयोजन किया जाएगा। अभियान में चुनाव सुधारों, आर्थिक प्रभाव और समाज तथा व्यापार जगत पर सकारात्मक प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। कैट यह अभियान 10 अप्रैल को दिल्ली से शुरू करेगा। प्रथम चरण में देश के सभी राज्यों की राजधानी, दूसरे चरण में सभी राज्यों के प्रमुख व्यापारिक शहरों तथा तीसरे चरण में अधिकतर जिलों में जिलास्तर पर यह कार्यक्रम अभियान के रूप में आयोजित किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया के नेतृत्व में एक 15 सदस्यीय राष्ट्रीय अभियान कमेटी गठित की गई है। कैट का मानना है कि बार-बार चुनाव होने से देश की आर्थिक प्रगति बाधित होती है, सरकारी नीतियों का कार्यान्वयन धीमा हो जाता है और व्यापारिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर पड़ता है। यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इससे व्यापार, उद्योग और अर्थव्यवस्था को स्थिरता मिलेगी।

# 25 साल में सिंचाई क्षमता में सिर्फ 8.48 प्रतिशत इजाफा

### प्रदेश की 70 फीसदी आबादी कृषि के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ एक ऐसा कृषि प्रधान प्रदेश है, जहां माना जाता है कि 70 फीसदी आबादी कृषि आधारित जीवन जीती है। ये लोग खेती से किसी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि राज्य गठन के 25 साल होने के बाद भी यहां के किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था अनुकूल हो पाई है? इस सवाल का जवाब इस तथ्य से सामने आता है कि राज्य गठन के बाद से पूरे प्रदेश में सिंचाई क्षमता में महज 8.48 प्रतिशत की वृद्धि हो पाई है। अभी भी प्रदेश में कुल सिंचित रकबा 22 प्रतिशत भी नहीं हो पाया है।

राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ में ये कल्पना की गई थी कि इस कृषि प्रधान राज्य में खेती-किसानी का विस्तार होगा। कृषि से जुड़े लोगों की आय बढ़ेगी और रोजगार में वृद्धि होगी, लेकिन राज्य गठन के बाद से लेकर अब तक सिंचाई क्षमता में विकास के आंकड़े देखें तो साफ होता है कि राज्य में तीन चौथाई से अधिक किसान और उनकी खेती मानसून में होनी वाली बारिश पर निर्भर है। बारिश अच्छी होगी तो फसल भी लहलहाएगी। अगर बारिश अपेक्षा से कम हुई तो खेती के हिस्से में सूखा और किसानों के हिस्से में निराशा ही हाथ आएगी।



### एक नजर सिंचाई क्षमता पर

वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय प्रदेश में कुल निर्मित सिंचाई क्षमता 13.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में थी। वर्ष 2024 में दिसंबर तक की स्थिति में यह आंकड़ा 25 साल में बढ़कर 21.76 प्रतिशत हुआ है। इसके बीच के वर्षों में धीमी गति से सिंचाई की क्षमता में विस्तार हो पाया। वर्ष 2000 से 2003 तक यह क्षमता 14.53 प्रतिशत पंहुची। 2004 से लेकर 2018 तक सिंचाई क्षमता बढ़कर 20.88 प्रतिशत पर पहुंची। 2018 में यह क्षमता 21.21 प्रतिशत थी, जो पांच साल बाद बढ़कर 2023 में 21.51 प्रतिशत तक आई। 2023 से लेकर दिसंबर 2024 तक यह आंकड़ा बढ़कर 21.76 प्रतिशत तक पहुंचा है।

### धान की खेती मानसून पर निर्भर

छत्तीसगढ़ में खेती का मुख्य आधार धान है। यहां हर साल 25 लाख से अधिक किसान धान की फसल उगाते हैं, लेकिन खास बात ये है कि धान की खेती पूरी तरह मानसून की बारिश पर निर्भर होती है। हालांकि राज्य के कई जिले रायपुर, महासमुंद, धमतरी सहित कुछ अन्य जिलों में अपेक्षाकृत सिंचाई के साधन अधिक हैं, लेकिन बस्तर, सरगुजा जैसे बड़े क्षेत्रों में अभी भी सिंचाई के साधन कम हैं।

### नेता प्रतिपक्ष महंत ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

# भारत माला परियोजना में भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र में लिखकर भारत माला परियोजना में करोड़ों के भ्रष्टाचार होने का उल्लेख करते हुए, मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। श्री महंत ने अपने पत्र में लिखा है, छत्तीसगढ़ में भारत माला परियोजना के अंतर्गत रायपुर विशाखापट्टनम प्रस्तावित इकॉनॉमिक कॉरिडोर के सड़क निर्माण के लिए अनुविभाग अभनपुर के अंतर्गत निजी भूमि के अधिग्रहण से मुआवजा राशि के निर्धारण तक की प्रक्रिया में विधि-विरुद्ध कार्रवाई करते हुए, लोकसेवकों तथा भूमि स्वामियों द्वारा आपराधिक षडयंत्रपूर्वक भ्रष्टाचार किया गया है, जिसके कारण भारत सरकार को कम से कम 43,18,27,627 रुपए की आर्थिक क्षति हुई है।



श्री महंत ने अपने पत्र में बताया है, छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र फरवरी-मार्च 2025 में मेरे द्वारा एक तारांकित प्रश्न क्रमांक 226 किया गया था। इस प्रश्न का लिखित उत्तर 12 मार्च 2025 को राजस्व मंत्री द्वारा दिया गया। इस तारांकित प्रश्न पर विधानसभा में चर्चा भी हुई। राजस्व मंत्री के लिखित उत्तर में यह स्वीकार किया गया है कि जांच रिपोर्ट के अनुसार फर्जी नामांतरण प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किए जाने से शासन को आर्थिक क्षति होना प्रतिवेदित किया गया है। प्रश्न, उत्तर तथा चर्चा का विवरण संलग्न है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार वास्तविक मुआवजा राशि 7,65,30,692 होती है, परंतु मुआवजा राशि का निर्धारण और भुगतान 49,39,40,464 किया गया है। इस प्रकार 43,18,27,627 का अधिक निर्धारण कर दिया गया।

श्री महंत ने बताया, विधानसभा में मैंने राजस्व मंत्री और मुख्यमंत्री से यह अनुरोध किया, चूंकि यह प्रकरण भ्रष्टाचार का है, यह भारत सरकार की परियोजना है और इसमें कतिपय वरिष्ठ अधिकारियों की भी संलिप्तता संभावित है इसलिए इसकी जांच सीबीआई को दे दी जाए अथवा विधायकों की कमेटी गठित कर जांच कराई जाए।

### सरकार की मंशा कार्रवाई करने की नहीं

श्री महंत ने बताया, जांच प्रतिवेदन 11.09.2023 का है, जो राज्य सरकार को बहुत पहले ही प्राप्त हो चुका है, किंतु इस पर तब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, जब तक मेरे द्वारा विधानसभा प्रश्न के माध्यम से इसे उठाया नहीं गया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार की मंशा कार्रवाई करने की नहीं है। भ्रष्टाचार के इस प्रकरण में अधिक भुगतान की गई राशि 43.18 करोड़ की ब्याज सहित वसूली भी की जानी है। यह जांच प्रतिवेदन भारतमाला परियोजना के लिए भूमि अर्जन में केवल एक अनुविभाग अभनपुर में हुए भ्रष्टाचार से संबंधित है। इस जांच में अनेक बिन्दुओं को छोड़ भी दिया गया है आपराधिक षड़यंत्र का भी उल्लेख नहीं किया गया है। अतः इस जांच प्रतिवेदन के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध की गई कोई भी कार्रवाई न्यायालय के समक्ष स्थिर नहीं रह सकेगी।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निरांकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Mango COMMERCIAL COOLER
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
हॉल, वर्कशॉप गोडाऊन, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
नवरात्रि के शुभ अवसर पर
मॉड्युलर किचन्
मात्र 70 हजार से चालू
Modular Kitchen starts from 50,000/- to 2,50,000/-
Luxury Look Half Price 15 YEAR WARRANTY
Kuldeep Bhatia 9977115597, 8319076661
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur

# सूचना प्रौद्योगिकी की चपेट में धर्म आने से बढ़ रहा खतरा, हनुमान चालीसा पराजय नहीं जय का प्रतीक

## हनुमान महापाठ समिति की पहल पर पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में पं. विजय शंकर मेहता का व्याख्यान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हनुमान चालीसा महापाठ का दिव्य आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए लोग शाम 5 बजे से ही पहुंचने लगे थे। भजन गायन का सिलसिला भी चल रहा था, मगर 7 बजते ही जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता मंच पर आए। इसके बाद 'मानव– आज, कल और कल' विषय पर व्याख्यान शुरू हुआ। पाठ की महत्ता बताने के साथ ही कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी की चपेट में धर्म आने से अब खतरा बढ़ रहा, जबकि हनुमान चालीसा पराजय नहीं, जय का प्रतीक है।

वानर से मानव बनने का क्रम हनुमान चालीसा है। इसके 43 पदों की महत्ता और भाव को आज के दौर में समझने और बच्चों को समझाने की जरूरत है, नहीं तो 1990 में आई इंटरनेट की नई दुनिया बच्चों को संस्कार विहीन कर देगी। जब 17 वर्ष पहले हनुमान महापाठ समिति से जुड़े लोगों की पहल से हनुमान महापाठ का शुभारंभ रायपुर से किया। तब यही उद्देश्य था कि बच्चों को धर्म, संस्कार से जोड़ने में आयोजन सेतु की तरह काम करेगा। इसके लिए हम सब यहां कथा का हिस्सा बने हैं। हनुमान चालीसा ही एक ऐसा पाठ है, जिसकी शुरुआत ही जय से होती है। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर.. इसका मतलब यह है कि यह पाठ पराजय नहीं, जय का प्रतीक है। अगर घर में सप्ताह में दो दिन लोग सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करते हुए आहुति की आदत डालें तो इससे परिवार से निगेटिव एनर्जी खत्म होगी।

### इंटरनेट की दुनिया से कुछ समय बचाएं

श्रोता दीर्घा में संत युधिष्ठिर लाल, महंत रामसुंदर दास, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विजय अग्रवाल के साथ ही हनुमान प्रसाद अग्रवाल मौजूद थे। इनके बीच पं. मेहता ने आगे कहा कि कुटिलता और चतुरता में छोटा-सा अंतर है। कुटिलता का प्रतीक मंथरा और चतुर होने का प्रतीक हनुमानजी हैं। व्याख्यान में प्रभु राम द्वारा अगस्त्य ऋषि को हनुमान की योग्यता को लेकर प्रसंग का जिक्र करते हुए श्रोताओं से आग्रह किया कि इस इंटरनेट की दुनिया से कुछ समय निकालें और उसे परिवार से संवाद करके जरूर बिताएं।





### तीन तरीके से प्रवेश करती है असफलता

प्रसंग में कहा कि राजा के भाव हनुमान में थे। भगवान राम जब राजा बने तो सुमंत की जगह हनुमान को मंत्री बनाया। इस क्रम में पं. मेहता ने कहा कि अब लोग शान से कहते हैं कि मैं बेईमानी भी ईमानदारी से करता हूं। इस तरह की सोच लोगों के लिए असफलता के रास्ते खोल रही है। असफलता तीन तरीके से आती है। इसके लक्षण अहंकार, आलस्य और लापरवाही के रूप में लोगों में दिखाई देने लगे हैं। इसे सब बैठकर सुन रहे हैं, कई लोग जानते हैं कि उनमें ये तीनों भाव है, लेकिन बदलने के लिए सिर्फ संकल्प लेते हैं। शिवनारायण मुंधड़ा, मोहन पवार, मुकेश शाह, मुरली शर्मा ने इस आयोजन से जोड़ने पहल की।

## खबर संक्षेप



### क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी को पारवानी ने दी बधाई

रायपुर। भाजपा नेता भूपेंद्र सवन्नी को छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने बधाई दी है। श्री पारवानी ने रविवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी से मुलाकात कर उन्हें क्रेडा अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया। श्री पारवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं आपके कुशल नेतृत्व में घर-घर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में क्रेडा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में यह सेक्टर रोजगार, पर्यावरण और आर्थिक सशक्तिकरण का बड़ा आधार बनेगा।

## निधन

### सुमति पतकी



रायपुर। विशाल नगर निवासी सुमति पतकी (86) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अप्रैल को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे नीरज पतकी, नीता पटवर्धन की माता एवं सतीश पटवर्धन की सास थीं।

### यमुना लाड़े

रायपुर। मठपुरैना भाठागांव निवासी यमुना लाड़े का 6 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. लखन लाड़े की पत्नी, हेमंत राव एवं कृष्णा राव लाड़े की माता थीं।



## विशेष आयोजनों को छोड़कर नहीं हो रहा उपयोग, पार्किंग व्यवस्था के आड़े आ रहे

# चला गया कोरोना, लाखों के प्री-फैब्र वार्ड छोड़ गया, जिला अस्पताल में बना शो-पीस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महामारी का रूप धरकर आया कोरोना तो चला गया, मगर अपने पीछे लाखों रुपए की लागत से बनाया गया प्री-फैब्र वार्ड छोड़ गया। जिला अस्पताल पंडरी में यह शो-पीस बनकर खड़ा हुआ है। साल-छह माह में होने वाले आयोजनों को छोड़कर इसका उपयोग नहीं हो रहा है और यह पार्किंग व्यवस्था के आड़े आ रहा है। विभाग अब तक इसके स्थायी उपयोग के लिए तरीका नहीं खोज पाया है।

जानकारी के अनुसार, कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मचे हाहाकार के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग 20 लाख रुपए खर्च कर तीसरी लहर से निपटने प्री-फैब वार्ड तैयार कराया गया था। जिला अस्पताल पंडरी में ईंट, सीमेंट और रेत के उपयोग के बिना इस एल्युमीनियम प्लेट की मदद से बने चार वार्ड की जरूरत ही नहीं पड़ी। कोरोना खत्म होने के बाद इसे ताला लगाकर बंद कर दिया गया। इस वार्ड का ताला कभी-कभी खुलता है, मगर इसके स्थायी उपयोग का रास्ता अब तक नहीं निकल पाया है। वार्डों में एसी की सुविधा दी गई है, मगर एल्युमीनियम प्लेट से बने होने की वजह से किसी भी मौसम मरीजों को वहां भर्ती करना बेहद मुश्किल है। गर्मी के दिनों उसके बेहद गर्मी, ठंड के मौसम में ज्यादा ठंड और बारिश के दौरान तेज आवाज की वजह से वहां मरीजों का इलाज करना मुश्किल होता है।

### वेंटिलेटर भी डंप हो गए

*स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, उस दौरान तीसरी लहर में वेंटिलेटर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए काफी संख्या में इसका इंतजाम किया गया था। जरूरत पड़ी नहीं और आयुर्वेद कॉलेज के अस्थायी कोविड वार्ड में काफी संख्या में वेंटिलेटर डंप हो गए, जो अब एक कमरे बंद कर रख दिए गए हैं, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है।*

### आक्सीजन प्लांट भी..

*कोरोनाकाल में काफी संख्या में आक्सीजन प्लांट भी लगाए गए थे। इसमें कुछेक अस्पतालों को छोड़कर बाकी का उपयोग नहीं हो रहा है। शोपीस बनने वाले कोरोनाकाल के ऑक्सीजन प्लांट आयुर्वेद कॉलेज परिसर, डीके अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित किए गए हैं, जिनका उपयोग हो ही नहीं रहा है।*

# लाइफ साइंस के पीएचडी नियमों में उलझा रविवि, बनाई कमेटी पहले भी थोक में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने लाइफ साइंस विषय में पीएचडी संबंधित नियम निर्माण के लिए कमेटी बनाई है। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। लाइफ साइंस के अंतर्गत कई तरह के विषय आते हैं।

छात्रों को पीएचडी के दौरान उस विषय का जिक्र करना होता है, जिसमें वे पीएचडी करना चाहते हैं। हाल ही में छात्रों के आवेदन रविवि को प्राप्त हुए हैं, जिसमें उन्होंने लाइफ साइंस के अंतर्गत किसी अन्य विषय का चुनाव फॉर्म भरने के दौरान पीएचडी के लिए किया, लेकिन प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद किसी अन्य विषय से पीएचडी करने की अनुमति विवि से मांगी। उक्त आवेदनों पर फैसला करते हुए विवि प्रबंधन ने उन्हीं विषय में पीएचडी करने कहा है, जो उन्होंने पूर्व में चुना था। इस प्रकार के भावी प्रकरणों की संभावना को देखते हुए लाइफ साइंस के विषय के संदर्भ में नीति निर्धारण के लिए समिति गठित किया गया है। इस कमेटी में तीन सदस्यों को रखा गया है। इसमें दो सदस्य रविवि से तथा एक सदस्य शासकीय महाविद्यालय देवेंद्र नगर से है। इस समिति द्वारा बनाए गए नियम ही लाइफ साइंस पीएचडी पर लागू होंगे।

### दो कॉलेजों को अस्थायी संबंद्धता

विद्यापरिषद की बैठक में दो महाविद्यालयों को अस्थायी संबंद्धता प्रदान की गई है। इसमें शासकीय आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में तृतीय वर्ष की कक्षाओं के लिए मान्यता और रायपुर का देवपुरी स्थित जैन महाविद्यालय संचालित है। जैन महाविद्यालय को निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों को सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर संबंद्धता प्रदान की गई है। आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में बीएससी, बीए और बीकॉम पाठ्यक्रम का संचालन होता है।

### वर्तमान सत्र से लागू

रविवि द्वारा पीएचडी नियमों में थोक में बदलाव वर्ष 2024-25 में किए गए हैं। बदलाव के साथ ही इन्हें लागू भी कर दिया गया है। रविवि द्वारा पीएचडी के लिए लिखित परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार भी लिए जा रहे हैं। पूर्व में केवल लिखित परीक्षा के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश दिया जाता था। इसके अलावा पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले प्राध्यापकों के लिए साक्षात्कार में अन्य विद्यार्थियों की तुलना में अधिक अंक हासिल करने संबंधित नियम भी बीते दिनों विवि द्वारा लाया गया था।

## पेज 11 के शेष

### थोक में ट्रेनें रद्द, जो...

हरिभूमि टीम ने लंबी दूरी की ट्रेनों के जनरल और स्लीपर कोच का हाल जाना। जहां यात्री जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे थे। हावड़ा से मुंबई तक जाने वाली ट्रेन के स्लीपर कोच में कुछ यात्री घंटों तक दरवाजे के पास बैठने को मजबूर थे, जबकि कुछ कोच के गलियारे में खड़े थे। ट्रेन रद्द होने की वजह से गर्मी और उमस के बीच यात्रा करना यात्रियों के लिए असहनीय हो रहा है। एक कोच में 72 सीटों पर 110 से अधिक यात्री सफर कर रहे थे, जिससे स्थिति और भी खराब हो रही है।

### रात से दोगुना दिन...

क्षमता से भी लोग बीमार पड़ रहे हैं। इनमें बच्चों के अलावा उम्रदराज भी शामिल हैं। सामान्य तौर पर समस्या सर्दी-खांसी की हो रही है, जो दवा लेने पर दो से तीन-दिन में ठीक हो जा रही है। इसी तरह तेज धूप के लगातार संपर्क में रहने के कारण डि-हाईड्रेशन और बुखार की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो सही समय पर उपचार से काबू में आ रही हैं। पिछले सप्ताहभर से आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन, रेस्पिरेटरी, पीडियाट्रिक विभाग में मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या 10 फीसदी तक बढ़ी है, जो सामान्य दिनों में एक से दो प्रतिशत तक ही रहती है।

### छात्रों में टेक्नोलॉजी की...

सहित कई बदलाव इस सत्र से लागू किए हैं। ऐसे में बदलावों के आधार पर ही छात्रों को अध्ययन कराया जा रहा है। बोर्ड ने स्कूलों को निर्धारित सीबीएसई सिलेबस के अनुसार ही विषयों को पढ़ाने का निर्देश दिया है, जिसमें "छात्रों की वैचारिक समझ और अनुप्रयोग को बढ़ाने के लिए अनुभवात्मक शिक्षण, योग्यता-आधारित मूल्यांकन और दृष्टिकोण को एकीकृत करना" शामिल है। इसके अलावा शिक्षकों को प्रोजेक्ट आधारित टीचिंग, सवाल-जवाब के पैटर्न पर पढ़ाई और टेक्नोलॉजी की समझ को महत्व देने को कहा गया है।

### बिलासपुर-रायपुर में तापमान...

प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिन का तापमान रात की तुलना में दोगुना है। रविवार को सर्वाधिक 41 डिग्री पारा बिलासपुर का दर्ज किया गया, वहीं रायपुर का तापमान 40.8 तक पहुंचा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक था।

### श्रीराम जानकी मंदिर में मनाया रामनवमी पर्व



रायपुर। श्रीराम सेवा समिति शंकर नगर द्वारा रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम श्री शिवशक्ति हनुमान, श्रीराम जानकी मंदिर सेक्टर-2 शंकर नगर में किया गया। इस अवसर पर महिला मानस मंडली द्वारा रामायण पाठ किया गया। इस दौरान सुबह 9 बजे से हवन पूजा के बाद भगवान श्रीरामजी का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। मंगल आरती के साथ कन्याभोज भी कराया गया। साथ ही भक्तों के लिए महाप्रसाद के रूप में भंडारा रखा गया।

### औषधीय जल से माता परमेश्वरी का समाज ने किया अभिषेक

रायपुर। शहर के लोग जहां रामनवमी मना रहे थे। उसी तिथि में देवांगन समाज ने अपनी आराध्य देवी मां परमेश्वरी, माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ का औषधीय जल से सहस्त्रधारा अभिषेक किया। इस धार्मिक आयोजन के चलते सुबह से ही बिरगांव के बुधवारी बाजार स्थित पूजा स्थल में उत्सव का माहौल बना। इसमें समाज के हर वर्ग ने शामिल होते हुए आस्था का संचार किया। शिव शक्ति आराधना के दौरान समाज के प्रदेश सह सचिव भीखम देवांगन, कमल देवांगन, सरला देवांगन, विनोद और हेमंत देवांगन द्वारा पूजा-अर्चना के बाद अभिषेक किया गया। पूजन के संबंध में सरला कमल देवांगन ने कहा कि मां परमेश्वरी समाज की आराध्य देवी हैं। शक्ति के उपासक होने के कारण आराध्य और कुलदेवी की पूजा सभी को करनी चाहिए।



# मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में हुई जम्भेश्वर भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर-रायपुर रोड़ पर रावांभाठा में नव निर्मित गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह रविवार को भक्तिमय माहौल में किया गया। मंदिर के महंत स्वामी डॉ. सच्चिदानन्द सहित साधु-संतों के सानिध्य में प्राण- प्रतिष्ठा का विधान सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। इसमें फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंदिर में हवन यज्ञ 120 शब्दों के पाठ वाचन शुरू हुआ। यज्ञ में बिश्नोई समाज के लोगों ने आहुति दी। इसमें गुरु मंत्रों से निर्मित पाहल ग्रहण करवाने के बाद ही नशा मुक्ति व कुरीतियों को त्यागने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद महंत स्वामी डॉ. सच्चिदानन्द आचार्य सहित साधु - संतों ने शिखर पर कलश स्थापित करते हुए ध्वज चढ़ाए और मंदिर में दीप प्रज्वलित किया।



धर्म सभा में फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई ने कहा कि आज रायपुर में गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा होना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। बिश्नोई समाज के लोग राजस्थान और हरियाणा आदि राज्यों से आए और छत्तीसगढ़ में गुरु जम्भेश्वर भगवान का मंदिर बनाया। इससे धार्मिक भावना से समाज के लोग जुड़ेंगे। सिर सांठे रूंख रहे तो भी सस्तों जांण, यानी सिर कटने से वृक्ष बच रहा हो तो यह सस्ता सौदा है। जम्भेश्वर भगवान ने इस संदेश के साथ नई सोच से बिश्नोई समाज का स्थापना किया।

### 80 लाख में बनकर तैयार हुआ मंदिर

समाज प्रमुखों में हजारी लाल, भूपेंद्र पंवार, श्रवण कुमार, रामदेव सजनाणी, अमरचंद, दिनेश सजनाणी सहित बड़ी तादाद में समाज के लोग और मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले दानदाता मौजूद थे। सभी ने मंदिर निर्माण के लिए किस तरह से प्रयास किया गया, इसकी जानकारी समाज के लोगों को दी। बताया कि राजाराम सहित समाज के लोगों की पहल से 2005 में जमीन खरीदी गई। गुरु जम्भेश्वर भगवान नाम से ट्रस्ट बनाया। करीब 80 लाख की लागत से गुरु जम्भेश्वर भगवान का मंदिर का निर्माण करवाया गया।


### आम सूचना

(ग्राम टेकारी- 2, प.ह.न. 23, रा.नि.मं. धरसींवा, तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता जयंतीलाल पिता लखंतीभाई पटेल निवासी- भनपुरी, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ईकराशुदा भूमि वाके मौजा- टेकारी-2, प.ह.न. 23, रा.नि.मं. धरसींवा-1, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 468/2 रकबा 0.2470 हेक्ट. भूमि को क्रय करने का लिखित सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक :- 06.04.2025

भवदीय
देवेन्द्र कुमार यादव (अधिवक्ता)
पता - आजाद चौक थाना के सामने रायपुर (छ.ग.),
मो. 9981145570

### आम सूचना का खण्डन

अधिवक्ता श्री अजय प्रताप सिंह द्वारा दैनिक हरिभूमि में दिनांक 01/04/2025 को प्रकाशित आम सूचना का खण्डन किया जाता है की आपके द्वारा प्रकाशित आम सूचना मौजा बोरियाखुर्द प.ह.न. 00071 रा.नि.म. रायपुर 1 तहसील व जिला रायपुर स्थित भवन जिसका खसरा नंबर 80/26, 81/10 रकबा 0.0090 व 0.0090 कुल रकबा 0.026 हे. का एकमात्र स्वामिनी एवं कब्जा धारी बताया गया है। जबकि सत्य कथन यह है की आपके पक्षकार एवं मेरे पक्षकार एक प्रियंवदा लोक कल्याण समिति टिकरापारा रायपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 15557 है के आधार पर आपके एवं प्रियंवदा लोक कल्याण समिति के अलावा अन्य सदस्यों के माध्यम से आपके पक्षकार मंजू परिहार की सहमति से उक्त ख.नं. की भूमि पर स्कूल बनाने हेतु पूर्व में लिए गए लोन एवं अन्य लोन को समाहित कर 19000000/- अक्षरी एक करोड़ नब्बे लाख रुपए का लोन प्राप्त किया है, जिसका प्रतिमाह किस्त समिति के माध्यम से स्कूल से प्राप्त आय से अदा किया जा रहा है।

आपके द्वारा सभी तथ्यो को जानने के बाद भी झूठा आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है साथ ही यह भी सूचना प्रकाशित कराया गया है कि उक्त भवन का आधिपत्य आपके द्वारा 01/04/2025 को प्राप्त कर लिया गया है जबकि सूचना का प्रकाशन 31/03/2025 को कराया गया जिसकी सूचना दैनिक हरिभूमि में प्रकाशित 01/04/2025 को हुआ अर्थात आपके पक्षकार द्वारा जान बूझकर षड्यंत्र के तहत बंधक संपत्ति को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। आपके पक्षकार द्वारा प्रकाशित आम सूचना के खण्डन के साथ ही आपति भी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत की जा चुकी है। बंधकशुदा भूमि को किरायाशुदा भूमि बता कर आपके पक्षकार द्वारा कब्जा का प्रयास किया जा रहा है के संबंध में अलग से अपराध पंजीबद्ध हेतु मेरा पक्षकार तत्पर है।

सो सूचना जाने

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 06/04/2025

भुवनलाल साहू (अधिवक्ता)
सिविल कोर्ट रायपुर
निवास- नवदुर्गा नगर, चौरसिया कालोनी मठपुरैना रायपुर (छ.ग.)
मो. 9806161000, 9301006900

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 (रावांभाठा) तहसील धरसींवा जिला रायपुर
### सीमांकन सूचना

दिनांक 03.04.2025

प्रति

(1) ओमकार नाथ गुप्ता पिता किसुनचंद गुप्ता निवासी 13 स्ट्रीट प्रगति नगर रिसाली सिविक सेंटर भिलाई, जिला दुर्ग, 8827583577, (2) श्रीमती मोना चंद्राकर पति विकास चंद्राकर निवासी उरला,

**विषय**- आवेदक दिनेश साव पिता देवनदन साव निवासी उरला द्वारा आवेदित ग्राम उरला प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. रायपुर-21 (रावांभाठा) तहसील धरसींवा स्थित भूमि खसरा नंबर 146/2, 146/7 क्षेत्रफल 0.0570, 0.0244 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन मे उपस्थित होने के संबंध में।

**संदर्भ**- न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन रा.प्र.क्र. ..... /अ-12/वर्ष 2024-25 रायपुर आदेश दिनांक 17.01.2024 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 15.04.2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 12:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/ बटांकन धारी हैं। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 29 के ग्राम उरला स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैध अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-21 (रावांभाठा)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 (सारागांव) तहसील धरसींवा जिला रायपुर
### सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 02.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका आयुष मिड्डे पिता सुकुमार मिड्डे निवासी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मांढर प.ह.नं. 22 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 867/68 रकबा 0.014 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ओदश दिनांक 18.03.2025 के परिपालन में दिनांक 07.04.2025 को समय 10.00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 22 के मांढर स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16(सारागांव)








**खबर संक्षेप**

### वक्फ कानून से मजबूत होगी आर्थिक स्थिति

**रायपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक युनूस कुरैशी एवं सह संयोजक रिजवान पटवा ने केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा वक्फ एक्ट में किए गए संशोधन का स्वागत करते हुए कहा कि यह कानून देश के मुसलमानों के साथ न्याय करने वाला कानून है। पूर्व में वक्फ एक्ट में जो विसंगतियां थीं, उसे दूर कर यह कानून बनाया गया है, जिसके लिए हम प्रधानमंत्री एवं केंद्र की एनडीए सरकार को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि पारित वक्फ संशोधन कानून भूमाफिया एवं अतिक्रमणकारियों पर नकेल कसने वाला कानून है, नए वक्फ संशोधन कानून से मुस्लिम समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए राज्यों का वक्फ बोर्ड कार्य कर सकेगा, इसका सीधा फायदा देश के सभी मुसलमानों को मिलेगा तथा उनकी शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### विप्र कॉलेज को छात्रवृत्ति के लिए एक लाख रुपए दान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में प्रबंध विभाग के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए एक लाख रुपए बतौर दान दिए। साथ ही लाइब्रेरी में 300 किताबें भी दी गईं। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी से मुलाकात कर यह राशि गौरव शुक्ला की ओर से शिखा शुक्ला ने सौंपी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. तिवारी ने शिखा शुक्ला को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के साथ खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी से अवगत भी कराया। विप्र महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के लिए छात्रवृत्ति योजना में भागीदारी के लिए शिखा शुक्ला के प्रति आभार जताया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए और बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया।

### म्यूल खाता मामले में फंसे निर्दोषों की रिहाई के लिए गृहमंत्री शाह से आग्रह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में म्यूल खाता मामले में फंसे सैकड़ों निर्दोष गरीबों, विशेषकर महिलाओं की रिहाई के लिए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता एवं सामाजिक न्याय कार्यकर्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने छत्तीसगढ़ दौरे में आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से आग्रह किया है। उन्होंने कहा, राजधानी रायपुर सहित विभिन्न जिलों में झुग्गी बस्तियों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों का उपयोग कर बैंक खाते खोले गए। इन खातों का दुरुपयोग करने का आरोप हैर जबकि खाताधारकों को इस संबंध में लेन-देन की कोई जानकारी नहीं है। इस मामले में अब तक लगभग 190 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें बड़ी संख्या में गरीब महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, जानकारी के अनुसार, झारखंड राज्य में ऐसे मामलों में धारा 151 सीआरपीसी के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है, जबकि छत्तीसगढ़ में गंभीर धाराएं लगाई जा रही हैं, वहीं एक जानकारी के अनुसार, जगदलपुर जिले में खाताधारक को प्रार्थी बनाकर कर खाता खुलवाने वाले और खाते का दुरुपयोग करने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, जो न्यायोचित है।

# मई में लगेगी पांचवीं-आठवीं की कक्षाएं, इनमें शामिल होंगे वे छात्र जो उत्तीर्ण नहीं कर सकेंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

इस माह मई माह में तपती गर्मी के बीच छात्रों की कक्षाएं संचालित होंगी, लेकिन ये कक्षाएं सिर्फ उन्हीं छात्रों के लिए संचालित होंगी जो पढ़ाई में कमजोर हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा कार्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 30 अप्रैल तक परीक्षा परिणाम घोषित करें। पांचवीं-आठवीं के जो विद्यार्थी इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होंगे, उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए मई माह में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसके बाद उनकी पुनः परीक्षा होगी अर्थात छात्रों को पूरक परीक्षा में बैठना होगा।

डीपीआई के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, दोनों ही कक्षाओं का मूल्यांकन 15 अप्रैल तक सभी जिलों को पूर्ण करना होगा। इसके पश्चात 25 अप्रैल तक अंकसूची तैयार की जाएगी। 28 अप्रैल तक अंकसूची विकासखंड शिक्षा कार्यालय के माध्यम से स्कूलों को वितरित की जाएगी, जहां वे छात्रों के परिणाम घोषित करेंगे। गौरतलब है कि पांचवीं कक्षा का मूल्यांकन कार्य 30 अप्रैल से तथा आठवीं कक्षा का मूल्यांकन कार्य 4 अप्रैल से प्रारंभ किया जा चुका है।

## 30 अप्रैल को जारी होंगे 5वीं-8वीं के परीक्षा परिणाम, इस बार हुई है केंद्रीकृत परीक्षा

### एक जून से पूरक परीक्षाएं

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जनवरी माह में मुख्य परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी करने के साथ ही पूरक परीक्षाओं के लिए भी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए थे। डीपीआई द्वारा अपने आदेश में कहा गया है कि 30 अप्रैल को परीक्षा परिणाम जारी करने के बाद अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षक कक्षाएं संचालित करेंगे। पूरक परीक्षाएं एक जून से होंगी। ऐसे में अतिरिक्त कक्षाएं मई में ही आयोजित की जाएंगी। इसके लिए समय सहित अन्य चीजों का निर्धारण जिला स्तर पर किया जाएगा।



### 5% उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन फिर से

शिक्षकों को एक दिन में अधिकतम 40 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए दी जा रही हैं। पांचवीं के मूल्यांकनकर्ता को प्रति कॉपी 2 रुपए तथा आठवीं कक्षा के मूल्यांकनकर्ता को प्रति कॉपी 3 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। प्रत्येक केंद्र में एक मुख्य मूल्यांकनकर्ता भी नियुक्त किया गया है। इनके द्वारा शिक्षकों द्वारा जांची गई 5% उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन किया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि मूल्यांकन कार्य उचित रूप से किया जा रहा है अथवा नहीं। मुख्य मूल्यांकनर्ता को प्रतिदिन 100 रुपए तथा मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष को 150 रुपए प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाएगा।

## श्रीनगर जाने पैराडाइज होटल के पास लगता है लंबा जाम, दो प्रोजेक्ट पर चल रहा मंथन

# रेलवे स्टेशन पहुंचने की राह आसान करने बनेगी सड़क, अंडरपास को दही हांडी चौक से जोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

गुढ़ियारी से रेलवे स्टेशन तक पहुंच आसान बनाने शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 तक सात सौ मीटर लंबी सड़क बनाने की योजना है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी को रेलवे की अनुमति का इंतजार है। इसके अलावा दही हांडी मैदान से फाफाडीह अंडरपास को जोड़ने रेलवे अफसर विचार कर रहे हैं। इन दोनों बड़ी योजनाओं को लेकर पिछले दिनों विभागीय अधिकारियों की क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत के साथ बैठक भी हो चुकी है।

शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 7 तक सड़क बनने के बाद फाफाडीह, गुढ़ियारी, श्रीनगर से लेकर महोबा बाजार से रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में लोगों को आसानी होगी और बेवजह ट्रैफिक जाम से जूझना नहीं पड़ेगा। वर्तमान में लोगों को फाफाडीह से गुढ़ियारी जाने डीआरएम ऑफिस, पैराडाइज होटल के पास ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता है। नई रोड बनने के बाद ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

**खास बातें**

- रेलवे स्टेशन के आसपास रोज जाम के हालात बन रहे
- पीछे के रास्ते से स्टेशन पहुंचना आसान नहीं, दूरी का भी मसला
- रेलवे से पीडब्लूडी ने मांगी अनुमति




### रेलवे ट्रैक से सटकर बनेगी सड़क

गुढ़ियारी, दही हांडी मैदान जाने रेलवे ट्रैक के पास से एक किमी लंबी सड़क बनानी पड़ेगी। उक्त सड़क आगे चलकर फाफाडीह अंडरपास से मिल जाएगी। सड़क की दोनों ओर से कनेक्टिविटी होने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। साथ ही इस मार्ग पर ट्रैफिक दबाव कम होगा।

### महोबा बाजार से स्टेशन पहुंचना होगा आसान

रेलवे द्वारा शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 को जोड़ने की अनुमति मिलने के बाद रोड निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए शासन ने 36 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दे दी है। इसमें से 18 करोड़ रुपए प्रभावित 70 लोगों को मुआवाजा बांटा जाएगा। शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 तक सड़क निर्माण की अनुमति मिलने के बाद महोबा बाजार तथा आसपास के लोगों के लिए रेलवे स्टेशन तक पहुंच आसान होगी।

### तीन लाख से ज्यादा आबादी को मिलेगी राहत

शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 तक तथा दही हांडी चौक के पास, फाफाडीह अंडरपास को जोड़ने सड़क बनाए जाने से क्षेत्र के तीन लाख से ज्यादा रहवासियों को इसका फायदा मिलेगा। साथ ही रेलवे स्टेशन के फ्रंट साइड में आवागमन का दबाव कम होगा। लोग स्टेशन के पीछे की तरफ से भी आवाजाही कर सकेंगे।

### प्रक्रिया में लगेगा समय

*अंडरपास तथा सड़क बनाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत से संपर्क करने पर बताया कि अंडरपास को जोड़ने तथा सड़क बनाने सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। साथ ही प्रभावितों को मुआवजा देने चिन्हित किया जाएगा। इसके बाद ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। क्षेत्रीय विधायक के अनुसार भू-अधिग्रहण करने तथा अन्य प्रक्रिया पूरी करने में चार से छह महीने की प्रक्रिया लग सकती है। इसके बाद ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी।*

### इन क्षेत्रों के रहवासियों को भी मिलेगा फायदा

*शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन को जोड़ने रोड बनाने से गुढ़ियारी, श्रीनगर, महोबा बाजार के अलावा दुर्ग, भिलाई, टाटीबंध, कोटा से रेलवे स्टेशन आने वाले लोगों को इस मार्ग का लाभ मिलेगा। नए मार्ग बनने से लोग सीधे रेलवे स्टेशन पहुंच सकेंगे। इसका सबसे ज्यादा लाभ इस मार्ग से नियमित रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले लोगों को मिलेगा। साथ ही लोगों रेलवे स्टेशन पहुंचने समय की बचत होगी।*

# समय पर नहीं मिल रही पेंशन 30 हजार पेंशनरों का बदलेगा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




नगर निगम के 30 हजार पेंशनरों का बैंक अब बदलने की तैयारी है। इसके लिए 10 जोन के 70 वार्डों में 70 बैंक प्रतिनिधि और जोन की टीम बुजुर्गों की मदद करेगी। शिविर लगाकर पेंशनरों के खाते बदले जाएंगे। नए खाते में पेंशनरों का आधारकार्ड नंबर और मोबाइल नंबर भी जुड़ेगा।

खास बात ये है कि चलने-फिरने में असमर्थ, निराश्रित तथा जरूरतमंद पेंशनरों की सुविधा के लिए पूर्व की तरह नकदी में पेंशन देने की व्यवस्था की जाएगी। वार्डों में शिविर लगाकर उन्हें नकदी पेंशन दी जाएगी। बैंक की एटीएम की व्यवस्था भी रहेगी, पर इसकी अनिवार्यता नहीं रहेगी। केंद्र व राज्य शासन की 6 अलग-अलग योजनाओं के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्र के 30 हजार पेंशनरों को समय पर पेंशन भुगतान की सुविधा देने नगर निगम अब पेंशनरों का बैंक बदलने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, समय पर पेंशन नहीं मिलने, केवाईसी कार्य में लेटलतीफी सहित अन्य शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए निगम के 30 हजार पेंशनरों के खाते बैंक ऑफ बड़ौदा में खोले जाएंगे। जीरो बैलेंस में संबंधित पेंशनरों के लिए वार्डवार शिविर लगाकर महीनेभर के अंदर खाते ट्रांसफर करने का कार्य पूरा किया जाएगा। पेंशनरों को पेंशन लेने में किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए 70 वार्डों में संबंधित बैंक के प्रतिनिधि और जोन की टीम इस कार्य में मदद के लिए लगाई जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, अभी तक इन पेंशनरों को समता कालोनी स्थित आईडीबीआई बैंक से पेंशन देने की व्यवस्था रही, पर कुछ समय से पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिलने, एटीएम में पैसे जमा होने के बाद भी खाते से आहरण करने में आ रही दिक्कत की शिकायत निगम आयुक्त से लेकर महापौर तक की गई।

### कहीं नाम में त्रुटि, कहीं सरनेम में गलती

नगर निगम की पेंशन शाखा से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, गरीब व जरूरतमंद पेंशनरों को अपने बैंक खाते की केवाईसी कराने में दिक्कत आने की शिकायत मिली। इसके बाद 700 पेंशनरों के नाम में त्रुटि सुधार कराया गया। किसी के नाम की स्पेलिंग में त्रुटि रही तो किसी का सरनेम गलत प्रिंट होने से पेंशनरों के खाते में पेंशन के पैसे जमा तो हो रहे हैं, पर राशि निकालने में दिक्कत हो रही है। इसे दुरुस्त किया जा रहा है।

# लभांडी, कचना, सड्डू के बाहरी इलाके में लगेगी स्ट्रीट लाइट, दलदल सिवनी में बनेगा ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के आउटर इलाके में स्थित लभांडी, कचना और सड्डू गांव के बाहरी इलाके अब बिजली की रोशनी से जगमगाएंगे। नगर निगम ने सिटी डेवलपमेंट प्लान में इसे शामिल किया है। इसके लिए 4 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। साथ ही दलदल सिवनी इलाके में डेढ़ एकड़ खाली पड़ी सरकारी जमीन पर 2000 सीटर ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। इस पर 35 करोड़ की लागत अनुमानित है।

- निगम ने सिटी डेवलपमेंट प्लान में किया शामिल

नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल जोन-9 के लभांडी, कचना और सड्डू के बाहरी इलाके में प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने नगर निगम स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करेगा, ताकि इस मार्ग में आने-जाने वालों को किसी तरह की असुविधा न हो। लभांडी परिधि क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के लिए 1 करोड़, फुंडहर के परिधि क्षेत्र के लिए 1 करोड़ रुपए, इसी तरह कचना और सड्डू के बाहरी इलाके में प्रकाश व्यवस्था के लिए 1-1 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि रायपुर सिटी डेवलपमेंट प्लान में इन 4 गांवों के बाहरी इलाके में स्ट्रीट लाइट के लिए सोलर पैनल के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है।

### 1.5 एकड़ जमीन पर ऑडिटोरियम

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी क्षेत्र में 1.5 एकड़ जमीन पर सर्वसुविधायुक्त प्रेक्षागृह बनाया जाएगा। 2000 सीटों की क्षमता वाले प्रेक्षागृह के लिए 35 करोड़ रुपए और शहर टाउनहॉल डेवलपमेंट के तहत 200 सीटर प्रेक्षागृह निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

एक हजार से अधिक होंगे शामिल

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बाइक रैली 10 को, हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा महाधिवेशन 13 एवं 14 अप्रैल को राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है, जिसकी हर स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में शनिवार को डंगनिया, डीडीनगर, रायपुरा, अश्वनी नगर, रामकुंड, तात्यापारा के परिक्षेत्रीय प्रमुखों की बैठक में इस पर मंथन हुआ। बैठक में विशेष रूप से 10 अप्रैल सद्भावना बाइक रैली के संदर्भ में चर्चा की गई। 10 को दोपहर 3 बजे से बाइक रैली मोवा से निकलकर इंडोर स्टेडियम जाएगी, जिसमें समाज के लगभग 1 हजार अधिक लोग शामिल होंगे। बैठक में इसकी रूपरेखा बनाई गई।

### कलश यात्रा में 500 महिलाएं

बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम के पहले दिवस यानी 13 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 500 महिलाएं भाग लेंगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंचेंगी। इसी दौरान छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन 14 अप्रैल को होगा।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में यशवंत वर्मा, जागेश्वर बघेल, सरिता बघेल, चंद्रकांत वर्मा, संतोष आडिल, जागेश्वर वर्मा, बृजराज वर्मा, सुनील नायक, मंजू धुरंधर, चंद्रिका परगनिहा, कृष्णी वर्मा, भारती चंद्रवंशी, रामकुमार वर्मा, पुष्पलता वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, हरीश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रेलवे ने सालभर में बनाए 7134 डिब्बे, जोन में 80 प्रतिशत ट्रेनों में जोड़े नए एलएचबी कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए रेलवे लगातार यात्री कोच की सुविधा में वृद्धि कर रहा है। पुराने कोच हटाकर नए एलएचबी कोच ट्रेनों में जोड़े जा रहे हैं, जिससे यात्रियों का सफर अब और भी आरामदायक हो गया है।

भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7134 कोच का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष के 6541 कोच के उत्पादन की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। इस बढ़ोतरी के कारण अब जोन की 80 प्रतिशत ट्रेनों में एलएचबी कोच लग गए हैं। पुराने नीले व पीले रंगे के कोच हटाए जा चुके हैं। इस वर्ष रेलवे ने 25 से अधिक ट्रेनों में 3 से 4 अतिरिक्त कोच जोड़ने का फैसला लिया है। वर्तमान में अधिकतर ट्रेनों में 4 जनरल कोच शामिल किए गए हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि आम यात्रियों को ध्यान में रखते हुए गैर वातानुकूलित कोच के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में 4601 नॉन-एसी कोच का उत्पादन किया गया।



### 10 साल में 54 हजार से अधिक कोच बने

पिछले कुछ वर्षों लगातार कोच निर्माण में तेजी आई है। 2004 से 2014 के बीच प्रतिवर्ष औसतन 3300 कोच बनाए जा रहे थे। वहीं 2014 से 2024 के बीच 10 साल में कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54809 तक पहुंच गया, जिसका औसत 5481 कोच रहा है।

### कोच निर्माण की तीनों यूनिट में वृद्धि

भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाईयां हैं, जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री और उत्तरप्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने वर्ष 2024-25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ने हुए 3007 कोच का उत्पादन किया है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में कोच उत्पादन (वर्ष 2023-24) में 2829 था, जो वर्ष 2024-25 में 3007 हो गया। इस तरह कोच उत्पादन में वृद्धि 178 की हुई है। रेल कोच फैक्ट्री में वर्ष 2023-24 में 1901 और वर्ष 2024-25 में 2102 बने हैं। कोच उत्पादन में वृद्धि 201 हुई है। मॉडर्न कोच फैक्ट्री में कोच उत्पादन वर्ष 2023-24 में 1684 था, जो वर्ष 2024-25 में 2025 हो गया।

### इन ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

- हमसफर एक्सप्रेस- एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ा जाएगा, दुर्ग से 11 अप्रैल से और निजामुद्दीन से 12 अप्रैल से
- इंटरसिटी एक्सप्रेस- एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जाएगा, बिलासपुर से 14 अप्रैल से, इतवारी से 15 अप्रैल से
- शिवनाथ एक्सप्रेस- एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जाएगा, कोरबा से 14 अप्रैल से, इतवारी से भी 14 अप्रैल से
- जनशताब्दी एक्सप्रेस : एक अतिरिक्त चेयरकार कोच जोड़ा जाएगा, गोंदिया से 13 अप्रैल से, रायगढ़ से 14 2025 से




## अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में छग के समग्र विकास में क्रेडा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः साय

# क्रेडा के नवनियुक्त अध्यक्ष सवन्नी ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री सवन्नी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में क्रेडा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री सवन्नी के नेतृत्व में राज्य में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और यह क्षेत्र नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में यह सेक्टर रोजगार, पर्यावरण और आर्थिक सशक्तिकरण का बड़ा आधार बनेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।




### समर्पण व पारदर्शिता के साथ निभाएंगे दायित्वः भूपेंद्र

*पदभार ग्रहण के उपरांत श्री सवन्नी ने मुख्यमंत्री सहित सभी विशिष्ट अतिथियों और आमंत्रितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाना है।*

### विस अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री सहित अन्य रहे उपस्थित

*इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायकगण मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, संपत अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, पवन साय, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश राणा, तथा अन्य निगम-मंडलों के नवनियुक्त अध्यक्षगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।*





# जवारा विसर्जन...बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने धारण किया सांग-बाना

## तालाबों में ज्योति कलश विसर्जन करने लगी भक्तों की कतार

*देवी मंदिरों के मुख्य ज्योति कलश विसर्जन के बाद घर व मंदिरों का ज्योति कलश विसर्जन के लिए निकाला गया। रविवार सुबह 11 बजे से लोग गाजा-बाजा के साथ झूमते-गाते देवी मंदिर पहुंचे। इस मौके पर सांग-बाना धारण किए हजारों श्रद्धालुओं का समूह देवी मंदिर स्थित तालाबों में विसर्जन के लिए पहुंचे। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग भी इसमें शामिल रहे। ज्योत जवारा का अद्भुत दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए, जिनका स्वागत फूलों की माला से किया गया। जहां समितियों द्वारा भंडारा, शरबत, फलाहारी की व्यवस्था की गई। देर रात तक मंदिरों के ज्योति कलश विसर्जन के लिए निकाले गए।*



**रायपुर।** नवरात्रि के नवमी तिथि को देवी मंदिरों में कन्या पूजा का आयोजन किया गया। सभी मंदिरों में नौ कन्या की पूजा की गई। कन्या पूजा के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की गई, जिसके बाद ब्राम्हण भोजन कराया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारियों द्वारा ही सांग बाना धारण कराया गया, जिसकी विशेष पूजा के बाद ही मंदिर से जाने की अनुमति दी गई।

कंकाली तालाब में कई स्थानों से ज्योति कलश विसर्जन के लिए पहुंची। इस मौके पर भगवान शंकर की झांकी तैयार की गई। विसर्जन के दौरान जीभ, कान, गला, हाथ, मुंह और शरीर के कई अंगों में बाना लिए श्रद्धालु शामिल हुए। रास्ते भर झूमते-गाते भक्ति के साथ बिना दर्द के अहसास में लोगों ने पैदल यात्रा की। लोगों का उत्साह बढ़ाने जगह-जगह पर धार्मिक भजनों के लिए बॉक्स भी लगाए गए।

**जगह-जगह पर धार्मिक भजनों के लिए बॉक्स भी लगाए गए**

### मंदिरों में कन्या पूजा

नवमी तिथि को रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर में माता का सोलह श्रृंगार किया गया। साथ ही दोपहर 12 बजे राम नवमी का पर्व ढोल बाजा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छप्पन भोग प्रसादी अर्पित की गई। मंदिर के सदस्य ने बताया कि नवरात्रि के अंतिम दिन भी श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में रही। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय परिसर स्थित मां बंजारी माता मंदिर में विशेष भंडारा का आयोजन किया गया था, जहां सुबह कन्यापूजा और पंडा पूजा किया गया।

### नवमी तिथि को फलाहारी व 56 भोग

कंकाली मठ का मुख्य ज्योति कलश नवमी तिथि को देर रात्रि गुप्त रूप से विसर्जन किया गया, जिसके पश्चात ब्रम्हमुहूर्त में विशेष श्रृंगार किया गया। नवरात्रि नवमी तिथि पर माता काली को 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां काली का विशेष श्रृंगार के दर्शन किया। महामाया मंदिर में सुबह श्रृंगार पूजा के बाद दोपहर 12 बजे कन्यापूजा किया गया। इस दौरान माता महामाया और समलेश्वरी देवी को फलाहारी का भोग लगाया गया। ब्राम्हण भोज के बाद 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया।



### शरीर पर सांग-बाना धारण कर झूमते दिखे श्रद्धालु

आमापारा, तात्यापारा, सदर बाजार, पुरानी बस्ती, मठपारा, डगनिया, लाखेनगर, अश्वनी नगर जैसे कई स्थानों से ज्योत-जवारा विसर्जन के लिए निकाला गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने शरीर पर सांग-बाना धारण किया। नवरात्रि के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर से सांग-बाना का पंजीयन कराया, जिसे मंदिर से धारण करते हुए नगर भ्रमण से लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी देवी भजनों पर झूमते-गाते तालाब में विसर्जन स्थल पहुंचे।



### युवतियों ने धारण किया सांग

नवरात्र के पावन अवसर पर देवी दुर्गा के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालु सांग-बाना धारण करते हैं। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में कन्याओं ने भी सांग धारण किया। आमापारा निवासी 17 वर्षीय गौरी ढीमर ने सांग धारण कर कंकाली तलाब तक नंगे पैर चलती पहुंचे।श्रद्धालुओं ने बताया कि छत्तीसगढ़ी परंपरा को जीवित रखने और मन्नत पूरी होने पर सांग धारण किया है। इसके अलावा तात्यापारा, टिकरापारा, पुरानी बस्ती, मठपुरैना, संतोषी नगर, शंकर नगर जैसे कई स्थानों से लोगों ने सांग धारण किए नजर आए।

**महिला समूह ने किया भजन संध्या का आयोजन :** चैत्र नवरात्रि के पावन मौके पर कल्पना मेमोरियल फाउंडेशन ने रोहिणीपुरम के शिवाजी इंग्लिश स्कूल परिसर में शनिवार शाम 5 से रात 8 बजे तक महिलाओं के लिए एक अलौकिक भजन संध्या का आयोजन किया। यह शाम भक्ति का ऐसा रंग लेकर आई, जो हर दिल को भक्ति के रस से सराबोर कर गई। इस दौरान देवी के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।



### राम जन्मोत्सव में देर रात तक आतिशबाजी

वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में आतिशबाजी शुरू होते ही श्रद्धालु एक स्थान पर ठहर गए। इस मौके पर मंदिर समिति द्वारा लगातार एक से बढ़कर एक आतिशबाजी प्रस्तुत की गई। परिसर में शाम 7 बजे महाआरती के बाद लगभग 45 मिनट आतिशबाजी दिखाई गई, जिसमें 15 से अधिक लोगों का समूह दल मौजूद रहा। मंदिर के मुख्य पुजारी हनुमंत लाल ने बताया कि राम नवमी के पावन अवसर पर महाभंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जो देर रात तक आयोजित रही। इस मौके पर लगभग 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारा से प्रसादी ली। ब्रम्हमुहूर्त में प्रतिमा का अभिषेक और श्रृंगार आरती की गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोला गया। जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान का दर्शन करने दिनभर में हजारों श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे, जिन्होंने मिष्ठान, पंचामणित, फलाहार जैसे पकवानों का भोग लगाया।

### राम जन्मोत्सव में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, देर रात आतिशबाजी का आयोजन

रामजी की निकली सवारी... राम नवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर राम भक्त, श्रीराम की भक्ति में लीन धार्मिक भजनों की धुन पर झूमते-गाते नगर भ्रमण में शामिल हुए। राम जन्मोत्सव के मौके पर मंदिरों में भी भक्तों का उत्साह देखा गया, जो देर रात तक श्रीराम के जन्मोत्सव में शामिल होने लंबी कतार में नजर आए। खास अवसर को यादगार बनाने श्री हनुमान सेवा दल, श्रीराम मंदिर निर्माण समिति, पंजाबी ब्राम्हण समाज और कई युवा समितियों द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव पर उत्साह से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राम नवमी के शुभ अवसर पर जयस्तंभ चौक में श्री हनुमान सेवा दल द्वारा 3051 रामरक्षा स्त्रोत की किताब वितरण किया गया। इस दौरान चौक में स्थित कई दुकान और शहरवासियों को किताब दिया गया।

### रामनवमी पर किया राज श्रृंगार



रामनवमी का पर्व श्री दूधाधारी मठ में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम का स्वर्ण श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव के दौरान गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की गई। इस मौके पर मठ परिसर में जय-जय श्री राम का जयकारा लगाया गया। चंदन के लेप और सोने का महाराजा मुकुट से श्रृंगार किया गया। इस दौरान पांच सौ से अधिक श्रद्धालु मठ परिसर में मौजूद रहे। वही दूसरी तरफ भजनों की प्रस्तुति देने के लिए महिलाओं की टोली भी मठ परिसर में भक्तिमय माहौल और इसे उत्सव का रूप दे रही थी।



### छत्तीसगढ़ी पोशाक ऐठी, पाइजेब, तोड़ा, सुता, पुतरी से श्रृंगार

राम नवमी के विशेष अवसर पर जैतु साव मठ में पारंपरिक रूप से छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और आभूषणों से श्रृंगार किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ी पोशाक, ऐठी, पाइजेब,तोड़ा, सुता, पुतरी से किया श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही सोने का मुकुट, धनुष और बाण से श्रृंगार पूर्ण की गई। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव के दौरान फूलों की वर्षा की गई, जहां ढोल-बाजा के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। आज सोमवार को दोपहर 1 बजे विशेष मालपुआ का भोग लगाया जाएगा, जिसे दो बड़े टोकरी में रखकर पारंपरिक रूप से दिया जाता है।



हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, सोमवार 07 अप्रैल 2025 haribhoomi.com

विश्व स्वास्थ्य दिवस...



# यूरीन इन्फेक्शन से कैसे बचें

आज की भागदौड भरी ज़िंदगी में बहत से लोग बार-बार पेशाब आने. जलन या पेट दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं। कई बार इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है. लेकिन ये मत्र मार्ग संक्रमण यानी यरीन इन्फेक्शन (UTI - Urinarv Tract Infection) के लक्षण हो सकते हैं। यह संक्रमण महिलाओं में परुषों की तलना में अधिक सामान्य होता है. लेकिन परुष. बच्चे और बजर्ग सभी इससे प्रभावित हो सकते हैं।

## यूरीन इन्फेक्शन क्या है?

यूरीन इन्फेक्शन एक प्रकार का संक्रमण है जो मूत्र प्रणाली के किसी भी भाग में हो सकता है, जैसे:

किडनी (गुर्दा), ब्लैडर (मूत्राशय), यूरीथ्रा (मूत्र नली), यूरीटर (मूत्रवाहिनी) यह संक्रमण तब होता है जब बैक्टीरिया (अक्सर E. coli) मूत्र मार्ग में प्रवेश कर जाते हैं और तेजी से बढ़ने लगते हैं। अगर समय पर इलाज न किया जाए, तो यह संक्रमण किडनी तक भी पहुँच सकता है, जिससे गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

## यूरीन इन्फेक्शन के कारण


1. स्वच्छता की कमी: पेशाब के बाद सही से सफाई न करना।
2. पानी कम पीना: शरीर में पानी की कमी से बैक्टीरिया पनपते हैं।
3. टॉयलेट रोके रखना: बार-बार टॉयलेट रोकना संक्रमण की संभावना बढ़ाता है।
4. गंदे शौचालय का उपयोग: खासकर पब्लिक टॉयलेट में बैक्टीरिया से संक्रमित होने की संभावना अधिक रहती है।
5. सेक्सुअल एक्टिविटी: खासकर महिलाओं में यूरीन इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।
6. मधुमेह (डायबिटीज): शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने से संक्रमण जल्दी होता है।
7. गर्भावस्था: हार्मोनल बदलाव के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

## लक्षण (Symptoms) – कैसे पहचानें यूरीन इन्फेक्शन को?

1. पेशाब के समय जलन या दर्द
2. बार-बार पेशाब आने की इच्छा
3. पेशाब की मात्रा कम होना
4. मूत्र से दुर्गंध आना
5. पेशाब का रंग गाढ़ा या खून के साथ आना
6. निचले पेट या पीठ में दर्द
7. बुखार या ठंड लगना (संक्रमण बढ़ने पर)


## बच्चों और बुजुर्गों में लक्षण

चिड़चिड़ापन या कमजोरी
भूख कम लगना
बार-बार बिस्तर गीला करना
मानसिक भ्रम या चक्कर आना (बुजुर्गों में)



## उपचार (Treatment) – कैसे करें इलाज?

1. **डॉक्टर द्वारा जांच:** यूरीन इन्फेक्शन की पुष्टि के लिए डॉक्टर यूरीन टेस्ट (Urine Culture) करवाते हैं, जिससे बैक्टीरिया की पहचान होती है।
2. **एंटीबायोटिक दवाएं:** डॉक्टर संक्रमण को खत्म करने के लिए एंटीबायोटिक्स देते हैं। दवा को पूरा कोर्स करें, बीच में न छोड़ें।
3. **दर्द और जलन के लिए दवा:** पेशाब में जलन या दर्द कम करने के लिए डॉक्टर कुछ विशेष दवाएं देते हैं।
4. **भरपूर पानी पीना:** पानी ज्यादा पीने से बैक्टीरिया बाहर निकलते हैं और शरीर साफ होता है।




## घरेलू उपाय (Home Remedies):

1. **नींबू पानी या नारियल पानी:** मूत्र को साफ करने में सहायक होते हैं।
2. **क्रैनबेरी जूस:** इसमें ऐसे तत्व होते हैं जो बैक्टीरिया को मूत्र नली में चिपकने नहीं देते।
3. **जीरा और धनिया का पानी:** सूजन और जलन को कम करने में मददगार।
4. **आंवला और शहद:** रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।
5. **तुलसी के पत्ते:** संक्रमण से लड़ने में सहायक।

## बचाव (Prevention) – कैसे रोकें यूरीन इन्फेक्शन?

1. पानी अधिक पिएं: कम से कम 8-10 गिलास रोज़।
2. टॉयलेट कभी न रोकें: जैसे ही महसूस हो, तुरंत जाएं।
3. साफ-सफाई का ध्यान रखें: विशेष रूप से यौन संबंधों के बाद।
4. गंदे टॉयलेट से बचें: जहां तक हो, साफ शौचालय का इस्तेमाल करें।
5. कॉटन अंडरवियर पहनें: सिंथेटिक कपड़े बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं।
6. फलों और सब्जियों का सेवन बढ़ाएं: शरीर को पोषण दें और इम्युनिटी मजबूत करें।

## महिलाओं में यूरीन इन्फेक्शन:

महिलाओं में यह संक्रमण ज्यादा होता है क्योंकि उनकी मूत्र नली छोटी होती है और योनि व मलाशय के पास होती है। हार्मोनल बदलाव, पीरियड्स के समय सफाई की कमी और प्रेगनेंसी के दौरान यह और अधिक सामान्य हो सकता है।

## कब डॉक्टर से संपर्क करें?

जब बुखार या ठंड लगना शुरू हो जाए
पेशाब में खून आने लगे
2-3 दिन इलाज के बाद भी लक्षण बने रहें
गर्भवती महिला में यूरीन इन्फेक्शन हो








# हर उम्र में जरूरी है हड्डीयों की सुरक्षा

हड्डियों की देखभाल को नज़रअंदाज़ करना भविष्य में गंभीर परिणाम दे सकता है। बचपन से ही हड्डियों को मजबूत बनाना जरूरी है ताकि बुढ़ापे में कोई समस्या न हो। खानपान, व्यायाम और जागरूकता से हड्डियों को मजबूत रखा जा सकता है। मीडिया और समाचार माध्यमों को भी हड्डियों की देखभाल और बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष स्थान देना चाहिए।



हड्डियाँ हमारे शरीर की नींव होती हैं। ये न सिर्फ हमारे शरीर को आकार देती हैं, बल्कि अंगों की सरक्षा, चलने-फिरने की ताकत और खन के निर्माण में भी महत्वपर्ण भमिका निभाती हैं। बदलती जीवनशैली, खानपान में कमी और बढती उम्र के कारण आज हड्डियों से जडी बीमारियाँ लगातार बढ रही हैं। इस लेख में हम हड्डियों की देखभाल, सामान्य बीमारियाँ और उनके इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं।

## हड्डियों की देखभाल क्यों जरूरी है?

हड्डियाँ शरीर को सहारा देती हैं और हमें दैनिक कार्य करने की शक्ति देती हैं। लेकिन जब हड्डियाँ कमजोर होने लगती हैं, तो शरीर की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। उम्र के साथ-साथ हड्डियाँ कमजोर होती हैं, लेकिन गलत खानपान, कैल्शियम और विटामिन डी की कमी, धूप न मिलना और शारीरिक व्यायाम की कमी से यह प्रक्रिया और तेज हो जाती है।

## हड्डियों से जुड़ी सामान्य बीमारियाँ:

**1. ऑस्टियोपोरोसिस (Osteoporosis):** यह एक आम बीमारी है जिसमें हड्डियाँ इतनी कमजोर हो जाती हैं कि छोटी-छोटी चोट से भी टूट सकती हैं। महिलाओं में यह रजोनिवृत्ति (menopause) के बाद अधिक देखने को मिलती है।

**लक्षण:** पीठ दर्दकद में कमी, बार-बार हड्डियाँ टूटना, झुककर चलना,

**इलाज और सावधानियाँ:** कैल्शियम और विटामिन D सप्लीमेंट्स, हड्डियों को मजबूत करने वाली दवाएँ (Bisphosphonates), नियमित व्यायाम और धूप लेना

**2. ऑस्टियोआर्थराइटिस (Osteoarthritis):** यह एक प्रकार का गठिया रोग है, जिसमें हड्डियों के जोड़ में दर्द और सूजन होती है। यह आमतौर पर घुटनों, कूल्हों और रीढ़ की हड्डी में होता है।

**लक्षण:** जोड़ों में अकड़न और दर्दचलने में कठिनाई, सुबह-सुबह जोड़ों में जकड़न

**इलाज:** दर्द निवारक दवाएं, फिजियोथेरेपी, घुटना या कूल्हा प्रत्यारोपण (joint replacement) गंभीर मामलों में

**3. रिकेट्स (Rickets):** यह बीमारी बच्चों में होती है, जो विटामिन D की कमी से होती है। इससे हड्डियाँ मुलायम और कमजोर हो जाती हैं।

लक्षण: टेढ़े-मेढ़े पैर, बढ़ता हुआ सिर, दांत देर से आना

**इलाज:** विटामिन D और कैल्शियम की उचित मात्रा, धूप में रहना, संतुलित आहार

**4. फ्रैक्चर (Fracture):** हड्डियों का टूटना या दरार आना फ्रैक्चर कहलाता है। यह किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन बुजुर्गों में ज्यादा जोखिम रहता है।

**इलाज:** प्लास्टर चढ़ाना, सर्जरी (जैसे कि रॉड या प्लेट डालना), आराम और फिजियोथेरेपी

## हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी पोषक तत्व:

**1. कैल्शियम:** दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियाँ
**2. विटामिन D:** धूप में बैठना, अंडा, मछली, फोर्टिफाइड फूड
**3. मैग्नीशियम और जिंक:** साबुत अनाज, नट्स, बीज

## हड्डियों की देखभाल के उपाय:

रोजाना कम से कम 30 मिनट हल्का व्यायाम करें।धूप में रोजाना 10-15 मिनट अवश्य बैठें।
धूम्रपान और शराब से बचें, ये हड्डियों को कमजोर करते हैं।
संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें।
कैल्शियम और विटामिन D की जांच नियमित कराएं, विशेषकर 40 की उम्र के बाद।

## समाज में जागरुकता की कमी:

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हड्डियों की बीमारियाँ आम होती जा रही हैं, लेकिन लोग इसे सामान्य दर्द समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। कई बार देर से इलाज शुरू होने के कारण स्थिति गंभीर हो जाती है।स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर हड्डियों की सेहत से जुड़ी जागरूकता अभियान चलाने की ज़रूरत है। डॉक्टरों की सलाह से नियमित जांच, समय पर सप्लीमेंट्स और लाइफस्टाइल में सुधार से इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

## विशेषज्ञों की राय:

ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ कहती हैं, ‟हमारे देश में हर 5 में से 3 महिलाएं और हर 10 में से 2 पुरुष 50 की उम्र के बाद ऑस्टियोपोरोसिस से ग्रसित होते हैं। यह एक साइलेंट डिजीज है, जो बिना लक्षणों के बढ़ती है। नियमित जांच और कैल्शियम की सही मात्रा इसका समाधान है।"






हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, सोमवार 07 अप्रैल 2025 विश्व स्वास्थ्य दिवस... haribhoomi.com





# ब्रेन ट्यूमर और स्पाइनल कॉर्ड कैंसर क्या है

सेंटल नर्वस सिस्टम (CNS) हमारे शरीर का सबसे महत्वपर्ण तंत्र होता है, जिसमें मस्तिष्क (Brain) और रीढ की हड्डी (Spinal Cord) शामिल होते हैं। यह तंत्र हमारे शरीर की सभी गतिविधियों को नियंत्रित करता है, जैसे कि सोचने, महसस करने, चलने, बोलने, और याद रखने की क्रियाएँ। जब मस्तिष्क या स्पाइनल कॉर्ड में असामान्य कोशिकाओं की वद्धि होती है, तो उसे CNS कैंसर कहा जाता है।

## ब्रेन ट्यूमर क्या है?

ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क की कोशिकाओं की असामान्य और अनियंत्रित वृद्धि से उत्पन्न होता है। ये ट्यूमर सौम्य (Benign) या घातक (Malignant) हो सकते हैं।

प्रकार: प्राथमिक ट्यूमर (Primary Tumor): मस्तिष्क से ही उत्पन्न होते हैं। मेटास्टेटिक ट्यूमर (Metastatic Tumor): शरीर के अन्य अंगों से मस्तिष्क में फैलते हैं। कुछ आम ब्रेन ट्यूमर: ग्लिओब्लास्टोमा मल्टीफॉर्मे (GBM) – यह सबसे आक्रामक और जानलेवा होता है। मेनिन्जियोमा – आमतौर पर सौम्य होता है।एस्ट्रोसाइटोमापिट्यूटरी एडेनोमा

## स्पाइनल कॉर्ड कैंसर क्या है?

स्पाइनल कॉर्ड कैंसर रीढ़ की हड्डी में उत्पन्न असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि को कहा जाता है, जो तंत्रिकाओं पर दबाव डालकर शारीरिक कार्यों को प्रभावित करता है।

प्रकार: इंट्रामेडुलरी ट्यूमर: रीढ़ की हड्डी के अंदर के ऊतकों में। एक्स्ट्रामेडुलरी ट्यूमर: रीढ़ की हड्डी के चारों ओर के ऊतकों में।
आम ट्यूमर: एपेंडिमोमा, एस्ट्रोसाइटोमा, मेनिन्जियोमा

## ब्रेन ट्यूमर के लक्षण:

सिरदर्द (विशेषकर सुबह), मतली या उल्टी, दौरे पड़ना (seizures), धुंधला या दोहरा दिखाई देना, बोलने में कठिनाईया, ददाश्त कमजोर होना, संतुलन में गड़बड़ी, मूड या व्यक्तित्व में बदलाव

## स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर के लक्षण:

पीठ या गर्दन में लगातार दर्द, हाथ-पैरों में कमजोरी या सुन्नता, चलने में परेशानी, मूत्र या मल पर नियंत्रण खोना, मांसपेशियों की कमजोरी

## कारण (Causes):

CNS कैंसर के सटीक कारण अभी पूरी तरह ज्ञात नहीं हैं, लेकिन कुछ प्रमुख जोखिम कारक हैं:
आनुवंशिक विकार (Genetic mutations), किरणों के संपर्क में आना (Radiation exposure), परिवार में कैंसर का इतिहासकुछ वायरस (जैसे कि Epstein-Barr virus), प्रतिरोधक क्षमता की कमी

## जांच और निदान (Diagnosis):

CNS कैंसर का निदान करने के लिए निम्नलिखित जांचें की जाती हैं:MRI और CT स्कैन:
मस्तिष्क और रीढ़ की स्पष्ट छवि के लिए।
बायोप्सी: ट्यूमर की प्रकृति जानने के लिए।
न्यूरोलॉजिकल परीक्षण: मानसिक और शारीरिक कार्यों की जांच।
स्पाइनल टैप (Lumbar puncture): रीढ़ की हड्डी के तरल पदार्थ की



## इलाज (Treatment):

CNS कैंसर का इलाज उसके स्थान, प्रकार, आकार, और रोगी की उम्र व स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। मुख्य उपचार विधियाँ:

1. सर्जरी (Surgery): ट्यूमर को पूरी तरह निकालने की कोशिश की जाती है। यदि ट्यूमर जोखिम भरे हिस्से में हो तो आंशिक हटाया जाता है।
2. रेडिएशन थेरेपी: उच्च ऊर्जा किरणों द्वारा ट्यूमर की कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है।
3. कीमोथेरेपी: दवाओं द्वारा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है।
4. इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी: यह नई तकनीकें शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कैंसर से लड़ने के लिए सशक्त बनाती हैं।
5. फिजियोथेरेपी और पुनर्वास: इलाज के बाद मांसपेशियों और मानसिक क्षमताओं को सुधारने के लिए जरूरी है।

## बचाव (Prevention):

CNS कैंसर की पूर्णतः रोकथाम संभव नहीं है, लेकिन कुछ सावधानियाँ अपनाकर जोखिम को कम किया जा सकता है:
रेडिएशन से बचाव, हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना, धूम्रपान और शराब से दूरी, नियमित हेल्थ चेकअप आनुवंशिक परामर्श (यदि परिवार में इतिहास हो)

सेंट्रल नर्वस सिस्टम कैंसर, विशेषकर ब्रेन ट्यूमर और स्पाइनल कॉर्ड कैंसर, गंभीर लेकिन समय पर निदान और इलाज से काबू में लाए जा सकते हैं। जागरूकता, सही जांच और विशेषज्ञ सलाह से मरीज की जीवनशैली बेहतर बनाई जा सकती है। किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें और जल्द से जल्द न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लें।



संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ का एक अत्याधुनिक सम्पूर्ण कैंसर हॉस्पिटल जहां एक ही छत के नीचे निम्नलिखित एडवांस्ड सुविधाएं उपलब्ध



कैंसर सर्जरी



कीमोथेरपी


रैपिड आर्क रेडियोथेरपी


रोबोटिक कैंसर सर्जरी


PET स्कैन


3D 4K लैपरोस्कोपिक कैंसर सर्जरी

मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त


UNIT I


UNIT II


UNIT III


संजीवनी व काले हॉस्पिटल
का संयुक्त उपक्रम अतिशीघ्र जगदलपुर में


संजीवनी व श्रीराम केयर हॉस्पिटल
का संयुक्त उपक्रम अतिशीघ्र बिलासपुर में

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर 7389905010, 7389904010, 07714081010, 4061010